


सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच





वर्ष- 15 अंक - 111 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 3 फरवरी 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# लालकृष्ण आडवाणी को मिलेगा भारत रत्न, पीएम मोदी ने पोस्ट कर दी जानकारी

**नईदिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के सीनियर लीडर व पूर्व गृहमंत्री लाल कृष्ण आड़वाणी को भारत रत्न दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। पीएम मोदी ने लिखा, 'मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मैंने उनसे बात भी की और उन्हें यह सम्मान दिए जाने पर बधाई दी।

लालकृष्ण आडवाणी का जन्म पाकिस्तान के कराची में 8 नवंबर, 1927 को एक हिंदू सिंधी परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम



किशनचंद आडवाणी और मां का नाम ज्ञानी देवी है। उनके पिता पेशे से एक उद्यमी थे। शुरुआती शिक्षा उन्होंने कराची के सेंट पैट्रिक हाई स्कूल से ग्रहण की थी। इसके बाद वह हैदराबाद, सिंध के डीजी नेशनल स्कूल में दाखिला लिया। 1947 में आडवाणी देश के आजाद होने का जश्न भी नहीं मना सके क्योंकि आजादी के महज कुछ घंटों में ही उन्हें अपने घर को छोड़कर भारत रवाना होना पड़ा। विभाजन के समय उनका परिवार पाकिस्तान छोड़कर मुंबई आकर बस गया। यहां उन्होंने लॉ कॉलेज ऑफद बॉम्बे यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई की। उनकी पत्नी का नाम कमला आडवाणी है। उनके बेटे का नाम जयंत आडवाणी और बेटी का नाम प्रतिभा आडवाणी है।

### अटल सरकार में उप-प्रधानमंत्री

वह 1998 से 2004 के बीच भाजपा के नेतृत्व वाले नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) में गृहमंत्री रह चुके हैं। लालकृष्ण आडवाणी 2002 से 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत के सातवें उप प्रधानमंत्री का पद संभाल चुके हैं। 10वीं और 14वीं लोकसभा के दौरान उन्होंने विपक्ष के नेता की भूमिका बखूबी निभाई है। 2015 नें उन्हें भारत के दूसरे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

### सबसे ज्यादा समय तक भाजपा में अध्यक्ष रहे

आडवाणी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जरिए अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी। कई वर्षों तक आडवाणी राजस्थान में आरएसएस प्रचारक के काम में लगे रहे। वह उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी थी।1980 से 1990 के बीच आडवाणी ने भाजपा को एक राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनाने के लिए काम किया। लालकृष्ण आडवाणी तीन बार (1986 से 1990, 1993 से 1998 और 2004 से 2005) भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। 1984 में महज दो सीटें हासिल करने वाली पार्टी को अगले लोकसभा चुनावों में 86 सीटें मिलीं। पार्टी की स्थिति 1992 में 121 सीटों और 1996 में 161 पर पहुंच गई। आजादी के बाद पहली बार कांग्रेस सत्ता से बाहर थी और भाजपा सबसे अधिक संख्या वाली पार्टी बनकर उभरी थी।

## खास-खबर

### कैंसर को लेकर जागरूकता बढ़ाएगा अपोलो, शुरू किया अभियान

**बिलासपुर।** बिलासपुर अपोलो कैंसर सेंटर ने कैंसर रोगियों और कैंसर सरवाईवसर के प्रति सामाजिक नजरिया बदलने के लिए अनमास्क कैंसर अभियान शुरू किया है। यह अभियान कैंसर के मरीजों के प्रति समाज में समानता और सहभाव की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए है।

कैंसर के बाद के जीवन के लिये अपोलो कैंसर सेंटर अनमास्क कैंसर अभियान चला रहा है, जो कैंसर के बारे में सच्चाई उजागर करने, मिथकों को दूर करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। अनमास्क कैंसर अभियान उन कैंसर विजेताओं की यात्रा है, जिन्हें कैंसर के चलते सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। इस तरह की कहानी लोगों को प्रेरित करने वाली है। अनमास्क कैंसर पहल एक सामाजिक प्रयोग का है, जो जीवन के विभिन्न पहलुओं में कैंसर के मरीजों के प्रति भेदभाव के गहन परिणामों पर प्रकाश डालती है।

### धांधली का आरोपः वन सेवा भर्ती प्रक्रिया पर हाईकोर्ट की रोक, प्रशासन को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ वन सेवा भर्ती प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में आठ अभ्यर्थियों ने याचिका दायर की है। याचिका में अभ्यर्थियों ने कहा है कि फिजिकल टेस्ट में फेल हो चुके लोगों को दोबारा मौका देकर वेटिंग लिस्ट के उम्मीदवारों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। यह नियमों और प्रावधानों के खिलाफ है। जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल ने मामले में शासन से जवाब मांगा है साथ ही वन सेवा भर्ती प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है।

याचिका के अनुसार कांग्रेस सरकार ने साल 2020 में वन विभाग में भर्ती के लिए वैकेंसी निकाली थी। इसके तहत सीजीपीएससी द्वारा साल 2021 में वन सेवा भर्ती की परीक्षा आयोजित की गई। इसके बाद 3 जून 2023 को इस परीक्षा का रिजल्ट सीजीपीएससी द्वारा जारी कर मुख्य एवं अनुपूरक सूची जारी की गई। इसके बाद प्रधान मुख्य वन संरक्षण रायपुर कार्यालय में चयनित अभ्यर्थियों का दस्तावेज परीक्षण के बाद 12 सितंबर 2023 को शारीरिक मापदंड परीक्षण लिया गया। इसके बाद से गड़बड़ी शुरू हो गई। इस गड़बड़ी के खिलाफ बस्तर के योगेश बघेल, मधुसूदन मौर्य व अन्य ने याचिका दायर की है।

# लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश भाजपा संगठन में बड़ा बदलाव, 20 सदस्यों की हुई नियुक्ति

## भिलाई जिला के पूर्व अध्यक्ष बृजेश बिजपुरिया बने कार्यसमिति के सदस्य





### प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने की नियुक्ति, संजय श्रीवास्तव सहित चार लोग बने महामंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। इसे देखते हुए प्रदेश भाजपा ने संगठन में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने संगठन में 8 प्रदेश पदाधिकारियों के साथ 12 कार्यसमिति सदस्यों की नियुक्ति की है। छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव सहित चार को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। वहीं भिलाई जिला भाजपा के अध्यक्ष रहे बृजेश बिचपुरिया सहित 12 लोगों को प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए संगठन में इसे बड़ा बदलावा माना जा रहा है।


इस संबंध में जारी प्रदेश महामंत्री व मुख्यालय प्रभारी केदार कश्यप द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। संजय श्रीवास्तव के अलावा रामजी भारती, जगदीश (रामू) रोहरा, भरत लाला वर्मा को प्रदेश महामंत्री तथा विकास रंजन महतो को प्रदेश मंत्री की कमान सौंपी गई है। इसी प्रकार राजा पांडेय को सरगुजा प्रभारी, अनुराग सिंहदेव को बिलासपुर प्रभारी, रजनीश सिंह को बस्तर प्रभारी बनाए गए हैं। इसके अलावा कई नए चेहरे को भी मौका दिया गया है। इसके साथ ही ब्रजेश बिचपुरिया, कृष्णकांत पवार, राशि पवार, प्रभा दुबे, संजू नारायण, गुरु बालदास साहेब, राजीव पांडेय, आरपीएस त्यागी, डॉ. राधेश्याम बारले, एसडी बड़गैयां, ओमप्रकाश देवांगन और राहुल टिकरिहा को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है।

### निर्वाचन आयोग की तैयारी, 5 फरवरी से होगी ईवीएम मशीनों की पहली जांच

इधर भारत निर्वाचन आयोग ने भी लोकसभा चुनाव की तैयारियां पूरी कर ली हैं। निर्वाचन आयोग ने सभी इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों (ईव्हीएम) की प्रथम स्तर की जांच (एफएलसी) 5 फरवरी से 14 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जांच को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के सभी जिला एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा तकनीकी टीम का ऑनलाइन प्रशिक्षण संपादित कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि प्रत्येक जिला मुख्यालयों में बैलेट युनिट, कंट्रोल युनिट तथा वीवीपेट की प्रथम स्तर की जांच (एफएलसी ) की जाएगी। उन्होंने बताया कि जाँच के दौरान सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपस्थित रहने का आग्रह जिला निर्वाचन अधिकारियों के माध्यम से किया गया है। इसके अतिरिक्त राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त दलों को भी इस संबंध में जानकारी भेजी गई है। श्रीमती कंगाले ने बताया कि ऐसे विधानसभा क्षेत्रों के ईव्हीएम को जाँच से पृथक रखा जाएगा जहाँ के निर्वाचन परिणामों को लेकर न्यायालयों में मामले लंबित हैं। शेष सभी क्षेत्रों के ईव्हीएम यूनिटों की 05 से 14 फरवरी तक जाँच पूरी कर ली जाएगी।

भारत निर्वाचन आयोग के सचिव बीएस पात्रा के पर्यवेक्षण में आयोजित ऑन लाइन प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम मशीनों की जांच संबंधी सभी आवश्यक बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया । साथ ही लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के विभिन्न पहलुओं के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान झारखण्ड की नोडल अधिकारी एवं प्रशिक्षक गीता चौबे ने प्रशासनिक पहलुओं तथा इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन आफ इंडिया के उप महाप्रबंधक पीसी मंडल ने ईव्हीएम जाच संबंधी तकनीकी पक्षों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, तकनीकी टीम के सदस्यों के साथ ही संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पीएस ध्रुव, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यू एस अग्रवाल, अपूर्व प्रियेश टोप्पो, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रूपेश वर्मा एवं अरविंद शर्मा उपस्थित थे।

## ड्राइवरों के लिए हाईवे किनारे बनेंगे 1000 आधुनिक विश्राम गृह, पीएम मोदी ने की घोषणा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में ट्रक और टैक्सी चालकों के लिए बड़ी घोषणा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो ट्रक चलाते हैं, जो टैक्सी चलाते हैं, वे ड्राइवर हमारी सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का एक अभिन्न अंग हैं। अक्सर ये ड्राइवर घंटों लगातार ट्रक चलाते हैं। इनके पास आराम का समय नहीं होता। ड्राइवरों को बीच सफर में आराम देने के लिए केंद्र सरकार ने एक नई योजना पर काम शुरू किया है। इस योजना के तहत सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर ड्राइवरों के लिए नई सुविधाओं वाले आधुनिक भवनों का निर्माण किया जाएगा। पहले चरण में 1000 आधुनिक विश्राम गृह बनाए जाएंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में देश निश्चित रूप से दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। पीएम मोदी का यह बयान आगामी अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की जीत के विश्वास को दिखाता है। उन्होंने कहा कि आज का भारत 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है।

## छत्तीसगढ़ के 11 मंत्रियों को मिला जिलों का प्रभार उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को मिली दुर्ग की कमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार लोकसभा चुनाव से पहले सभी जिलों के प्रभारियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने विभिन्न जिलों के लिए ज़िला समिति की अध्यक्षता करने, जनसंपर्क और जनसमस्याओं का निराकरण के लिए मंत्रियों को प्रभार सौंपा है। डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा समेत 11 मंत्रियों को विभिन्न जिलों के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।





जारी आदेश के अनुसार विजय शर्मा को दुर्ग सहित राजनांदगांव व मोहला-मानपु-अंबागढ़ चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार उप मुख्यमंत्री अरूण साव को बिलासपुर, कोरबा और बेमेतरा, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को बस्तर, उत्तर बस्तर कांकेर, कोण्डागांव और नारायणपुर, मंत्री रामविचार नेताम को रायगढ़, कोरिया और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मंत्री दयालदास बघेल को महासमुंद, गरियाबंद और सूरजपुर, मंत्री केदार कश्यप को रायपुर, सुकमा, बीजापुर और दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, मंत्री लखनलाल देवांगन को मुंगेली, कबीरधाम और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को बलौदाबाजार-भाटापारा और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मंत्री ओपी चौधरी को सरगुजा, जांजगीर-चांपा और जशपुर, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को बलरामपुर-रामानुजगंज और सक्ती तथा मंत्री टंकराम वर्मा को धमतरी और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का प्रभार सौंपा गया है।

## बातों का बवंडर, चुल्लू भर समंदर

श्रीकंचनपथ न्यूज




पता नहीं यह फिकरा कहां सुना था, शायद किसी ने मस्ती में कहा था। ऐसी बातें अकसर चाय की दुकान पर या पान ठेले पर ही सुनने को मिलती हैं। एक तरफ भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की बातें हो रही हैं और दूसरी ओर देश बातों के बवंडर पर चल रहा है। गुस्से में लोगों के मुंह से कुछ का कुछ निकल रहा है और कुछ लोग उनका मुंह पकड़ने में लगे हुए हैं। ताजा मामला कर्नाटक का है। कर्नाटक देश का दूसरा सबसे बड़ा जीएसटी एकत्र करने वाला राज्य है। बावजूद इसके केन्द्र उसकी जरूरतों के मुताबिक फंड देने में आनाकानी करता रहा है। ऐसे में गुस्सा तो आएगा ही। गुस्से में मुंह से कुछ का कुछ निकल जाना एक बेहद सामान्य सी बात है। गुस्से में माता-पिता अपने ही बच्चों को पीट-पीट कर मार डालने की बातें कह जाते हैं पर उनका ऐसा कोई इरादा होता नहीं है। गुस्से में कही गई ऐसी बातों को कोई याद भी नहीं रखता। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री के भाई ने केन्द्र पर अपनी भड़ास निकाली थी। उन्होंने कहा था कि उन्हें अपने कन्नडिगा होने पर गर्व है। केन्द्र राशि आवंटन के मामले में कर्नाटक के साथ भेदभाव कर रहा है। लगता है इसका एकमात्र हल दक्षिण भारत को अलग देश बनाना है। बात तो पकड़ ली गई पर प्रसंग भुला दिया गया। वैसे भी देश की राजनीति गुस्से में या भावावेष में कही गई बातों पर ही चल रही है। सबके सब गुस्से में हैं। गुस्से का आलम ऐसा है कि लोग जिसे पीटने के लिए दौड़ रहे हैं उससे आगे निकल जा रहे हैं। बात प्रसंग पर होती तो इसकी विवेचना होती, ठोस बहस होती, राज्य और केन्द्र के संबंधों की समीक्षा होती। अगर कुछ गलत है तो उसे ठीक करने का रास्ता निकलता। पर इसके लिए दिमाग चाहिए। खोपड़ी में भूसा भरा हो तो सास-बहू टाइप के झगड़े होते हैं। बातों को पकड़ा जाता है, बाल की खाल निकाली जाती है। चालीस दिन के झगड़े के बाद भी चार शब्द का सार नहीं निकलता। किसी एक आदमी के कहने भर से यदि राष्ट्र टूटने लगते तो देश कब का टूट चुका होता। 1905 में तत्कालीन ब्रिटिश हुकूमत ने बंगाल को हिन्दू और मुसलमान बहुल आबादी के आधार पर बांट दिया था। 1911 में इस फैसले को रद्द करना पड़ा। 1947 में एक बार फिर देश को तीन टुकड़ों में बांट दिया गया। तल्खी कितनी भी हो, इंसान से इंसान का रिश्ता नहीं टूटा। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान पर संकट के बादल छाए तो भारत बड़ा भाई बनकर वहां पहुंचा और एक नए राष्ट्र बांग्लादेश का जन्म हो गया। इस इतिहास को भूलने वाले बेकार की बातों में लोगों को उलझाए रखना चाहते हैं। दरअसल, भय की एक बड़ी दुकानदारी है। स्वास्थ्य, मृत्यु, नर्क, पुनर्जन्म, यहां तक कि धर्म की दुकानें इसी पर चल रही हैं।



## संपादकीय

### ज्ञानवापी पर सचेत

ज्ञानवापी में एक निश्चित स्थान- व्यासजी का तहखाना में पूजा को मंजूरी मिलने के बाद जमीनी स्थितियों में तेजी से बदलाव आने लगा है। जिला न्यायालय के फैसले के बाद वहां पूजा-अर्चना भी शुरू हो गई है और श्रद्धालुओं के समूह उमड़ने लगे हैं। हालांकि, इसका एक दूसरा पहलू भी है कि अंजुमन इंतिजामिया मसाजिद कमिटी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और न्यायालय ने फिलहाल पूजा पर रोक लगाने से मना कर दिया है। अंजुमन को अभी भी उम्मीद है कि सुनवाई होगी और हिंदुओं को प्रार्थना की अनुमति देने वाले वाराणसी अदालत के आदेश पर रोक लगेगी। फिलहाल, अंजुमन को उम्मीद इसलिए भी है कि अदालत ने संशोधित याचिका पेश करने के लिए कहा है। अंजुमन को अपनी दलीलों में परिवर्तन करना होगा और उसके बाद 6 फरवरी तक अदालत में जवाब दाखिल करना होगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि जब अदालत में सुनवाई तेज हो गई है, तो दलीलों को अकाट्य बनाना कारगर हो सकता है। ऐसे मुकदमे कोई भी पक्ष केवल भावना या आस्था के बल पर नहीं जीत सकता। वाराणसी की अदालत ने भी काफी सुनवाई और तर्क-वितर्क के बाद पूजा को मंजूरी दी है और यह देखने लायक बात है कि लगभग 32 वर्ष पहले भी व्यास तहखाने में पूजा होती थी। अगर कोई यह चाहता है कि वहां पूजा न हो, तो उसके लिए मजबूत तर्क और सुबूत के साथ पेश होना पड़ेगा। दोनों में से कोई भी पक्ष केवल मनमानी या संख्या-बल के भरोसे न रहे, तो बेहतर है। दौड़कर सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय जाने से पहले दोनों पक्षों को अपने कागज व सुबूत दुरुस्त करने चाहिए। अयोध्या मामले में भी अदालत ने हर तरह के पहलू पर विचार किया था और उसके बाद ही पुख्ता फैसले की नौबत आई। वाराणसी कोर्ट ने जो फैसला सुनाया है, उसे पलटने के लिए अदालतों को भी ठोस वजह की जरूरत पड़ेगी। वैसे, ऐसे फैसलों को हर कोई समान सहजता से स्वीकार नहीं करता है। अतः प्रशासन को हर तरह से सचेत रहना होगा। जिला अदालत के आदेश के बाद कुछ दुकानें बंद रही हैं और वाराणसी में पुलिस भी सचेत है। विशेष रूप से नमाज व पूजा के समय में सजग रहने की जरूरत है। लोगों में पहले की तुलना में सहिष्णुता कम हुई है और आस्था को लेकर लोग मुखर हुए हैं। किसी भी पक्ष को बंद या हड़ताल के आह्वान से बचना चाहिए। ऐसे विवादों की सर्वाधिक कीमत गरीब लोग ही चुकाते हैं। विवाद बढ़ाने से पहले किसी भी आक्रामक व्यक्ति को गरीबों के बारे में जरूर सोचना चाहिए। दोनों पक्षों को समय का इस्तेमाल लोगों को भड़काने में कदापि नहीं करना चाहिए। भड़काने से भय का माहौल बनता है और आज भारतीय अर्थव्यवस्था जिस मोड़ पर है, वहां सामान्य जन-जीवन में किसी प्रकार की बाधा ठीक नहीं है। असामाजिक तत्वों पर तीखी नजर रहनी चाहिए। वास्तव में यह धार्मिक, सामाजिक नेताओं ही नहीं, राजनेताओं के लिए भी सतर्कता का समय है। सद्भाव के साथ माहौल को पोषित करना और संविधान के तहत ही विवाद का यथोचित समाधान निकालना होगा। अपने शहर के बारे में ईमानदारी से सोचने वाले सजग नागरिकों को भी मिलकर कुछ ऐसा करना होगा, ताकि किसी भी उपद्रव की आशंका होने पर परस्पर समन्वय के साथ हालात को ज्यादा बिगड़ने से पहले ही संभाल लिया जाए। यह ऐसे लोगों पर खास नजर रखने का समय है, जिनकी जुबान नफरती है।

> “ अयोध्या मामले में भी अदालत ने हर तरह के पहलू पर विचार किया था और उसके बाद ही पुख्ता फैसले की नौबत आई। वाराणसी कोर्ट ने जो फैसला सुनाया है, उसे पलटने के लिए अदालतों को भी ठोस वजह की जरूरत पड़ेगी। वैसे, ऐसे फैसलों को हर कोई समान सहजता से स्वीकार नहीं करता है। अतः प्रशासन को हर तरह से सचेत रहना होगा।

### पेच पड़ गए हैं

अमेरिका ने भारत को समुद्री और आसमानी गार्जियन ड्रोन्स की सप्लाई रोक दी है। बताया गया है कि यह आपूर्ति तब तक नहीं होगी, जब तक भारत में गुरपतवंत सिंह पन्नूं मामले की सार्थक जांच नहीं होती है। यह खबर एक वेबसाइट ने दी कि अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्यों ने ड्रोन करार की मंजूरी रोक रखी है। इस बारे में जब मीडियाकर्मियों ने संपर्क किया, तो नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने कूटनीतिक भाषा में जवाब दिया कि जो बाइडेन प्रशासन कांग्रेस के साथ इस बारे में कांग्रेस से संवाद कायम रखे हुए है। तीन बिलियन डॉलर का यह ड्रोन करार पिछले जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुचर्चित वॉशिंगटन यात्रा के दौरान हुआ था। आलोचकों ने तब कहा था कि इन ड्रोन्स से अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति को बल मिलेगा, जिसकी कीमत भारत चुका रहा है। बहरहाल, मुद्दे की बात यह है कि जिस ड्रोन सौदे को खुद अमेरिका के लिए फायदेमंद समझा गया, अमेरिकी कांग्रेस ने उसे अब तक हरी झंडी नहीं दी है। यह संकेत है कि अमेरिका में पन्नू मामले को कितनी गंभीरता से लिया गया है।

अमेरिका में पन्नू की हत्या की कथित कोशिश से पहले एक अन्य खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में हत्या का विवाद सामने आया था। जब कनाडा ने निज्जर हत्याकांड में भारत के हाथ का आरोप लगाया, तो भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दिखाई थी। मगर पन्नू के मामले में भारत ने जांच का एलान किया। बल्कि संभवतः अमेरिकी दबाव के कारण ही निज्जर मामले में भी भारत ने अपना रुख नरम किया। पिछले हफ्ते कनाडा की निर्वतमान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोडी थॉमस ने एक इंटरव्यू में कहा था कि अब भारत निज्जर हत्याकांड की जांच में पूरा सहयोग कर रहा है। भारत ने इन दोनों मामलों में अपनी कोई भूमिका होने से साफ इनकार किया है। इसके बावजूद अमेरिका संतुष्ट नहीं है। संभवतः वह भारत में पन्नू मामले की चल रही जांच की प्रगति से भी संतुष्ट नहीं है। इस कारण एक महत्त्वपूर्ण करार में रुकावट डाल दी गई है। यह दोनों देशों के रिश्तों में पड़े पेच का संकेत है।

### हेमंत की गिरफ्तारी, विपक्षी नेता चिंता में

बिहार में नीतीश कुमार के पाला बदल कर एनडीए में चले जाने और भाजपा की मदद से मुख्यमंत्री बन जाने की घटना ने कांग्रेस और विपक्ष को जितनी चिंता में नहीं डाला है उससे ज्यादा चिंता झारखंड के घटनाक्रम से हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सिर पर बैठ कर जिस तरह से ईडी ने उनका इस्तीफा कराया और उसके बाद उनको गिरफ्तार किया उससे विपक्ष के कई नेता बेचैन हुए हैं। खास कर ऐसे नेता, जिनसे ईडी की पूछताछ चल रही है और अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल और हरियाणा से लेकर दिल्ली व महाराष्ट्र तक विपक्षी पार्टियों के नेता चिंता में हैं। सबको गिरफ्तारी की चिंता सता रही है। उनकी चिंता यह है कि अगर भाजपा को लगा कि किसी नेता की वजह से 2024 के चुनाव में नुकसान हो सकता है तो एजेंसी उस नेता को गिरफ्तार करके रास्ते से हटा सकती है।

इस चिंता में सबसे ज्यादा लालू प्रसाद का परिवार है। उनके परिवार के पांच लोगों से ईडी की पूछताछ चल रही है। लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के अलावा बेटे तेजस्वी यादव और दो बेटियों, मीसा भारती व हेमा यादव का नाम जमीन के बदले रेलवे में नौकरी से जुड़े कथित घोटाले में शामिल किया गया है। लालू से 29 और तेजस्वी से 30 जनवरी को पूछताछ हुई थी। अब राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव को नौ फरवरी को दिल्ली में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उसी दिन इन तीनों को दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में पेश होना है, जहां आरोप तय होंगे। सो, लालू परिवार में चिंता है। लालू प्रसाद या तेजस्वी यादव में से किसी को गिरफ्तार होने की आशंका जताई जा रही है।

> “ अब लोकसभा चुनाव की ओर सभी का ध्यान है। बस कुछ ही दिनों में निर्वाचन आयोग इसकी घोषणा करेगा और फिर राजनीतिक हलचल अपने चरम पर होगी। लेकिन यह सरकार कुछ ऐसा जता रही है मानो वह भविष्य के प्रति निश्चिंत है। यही कारण था कि वित्त मंत्री ने इनकम टैक्स के यथावत रहने का भी संकेत दे दिया। उन्होंने टैक्स देने वालों को ललचाने की कोई कोशिश भी नहीं की।

# पूर्ण बजट में उभरेगी आर्थिकी की असली तस्वीर



मधुरेन्द्र सिन्हा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव के पहले अपना छठा बजट पेश किया जो सही मायनों में वोट ऑन अकाउंट था। दरअसल चुनाव के कारण परंपरागत रूप से कोई भी वित्त मंत्री पूर्ण बजट पेश नहीं करता और वोटरों को ललचाने वाले कदम नहीं उठाता। श्रीमती सीतारमण ने भी ऐसा ही किया। उन्होंने भी इस परंपरा का पालन किया और रेवड़ियां बांटने की कोई कोशिश नहीं की। इसमें उन्होंने अच्छी तरह से अर्थव्यवस्था की स्थिति की व्याख्या की। उन्होंने यह भी बताया किस तरह से सरकार ने राजकोषीय घाटे को मैनेज किया और उसे लक्ष्य से भी नीचे ही रखा। पहले लक्ष्य था कि राजकोषीय घाटा कुल जीडीपी का 5.9 फीसदी हो लेकिन सरकार के प्रयासों और टैक्स देने वालों की उदारता से राजकोषीय घाटा 5.8 फीसदी पर ही रहा। यहां पर उन करोड़ों टैक्स देने वालों का भी योगदान रहा जिनके टैक्स देने से प्रत्यक्ष कर वसूली लक्ष्य से कहीं ज्यादा रही और सरकार को अपना लक्ष्य पाने में मदद मिली। वित्त मंत्री के भाषण को सुनने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि सरकार इस समय आत्मविश्वास से भरी हुई है और उसे अगली लोकसभा भी दिख रही है। यहां पर यह कहना अनुचित नहीं होगा कि एनडीए सरकार वापसी की ओर देख रही है। अगर ऐसा नहीं होता तो वह इसी बजट में किसी न किसी तरह रेवड़ियां बांटती, टैक्स में छूट देती और कुछ अन्य सुविधाएं देती। लेकिन यहां पर हमने देखा कि वित्त मंत्री ने इन सभी से दूरी बनाए रखी और इस बात का पूरा ख्याल रखा कि वोट ऑन अकाउंट की परंपरा का पालन हो। यह इस बात को इंगित करता है कि वित्त मंत्री ने अपनी पार्टी के बारे में न सोचकर देश की अर्थव्यवस्था के बारे में सोचा। इस समय जबकि सभी अन्य पार्टियां राज्यों में चुनावों में किस तरह से रेवड़ियां बांट रही थीं और सरकारी खजाने को अपने निजी स्वार्थ के लिए निर्ममता के साथ लुटा रही थीं, निर्मला सीतारमण का यह व्यवहार प्रशंसनीय है। सभी पार्टियों को इसका अनुकरण करना चाहिए, चुनाव जीतने के लिए जनता की गाढ़ी कमाई से दिये गये टैक्स के पैसों को उड़ाना कहां तक उचित है? बहरहाल वित्त मंत्री ने एक बढ़िया परंपरा रखी है जिसका आगे भी पालन होना चाहिए।

अब इस बजट पर चर्चा करने के लिए कुछ खास नहीं है। वित्त मंत्री ने टैक्स संबंधी पुराने अदालती मामलों को खत्म करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। देश में लाखों ऐसे टैक्स देने वाले हैं जो पुराने विवादों में फंसे हुए हैं यानी उनकी टैक्स देनदारी पर विवाद है। ऐसे मामलों को सदा के लिए खत्म करने के लिए वित्त मंत्री ने सरकारी लेनदारी को एक सीमा तक खत्म कर दिया है जिससे वे लोग आगे टैक्स दे सकेंगे। वर्षों से चल रहे ऐसे मामलों से छुटकारा पाकर सरकार ने टैक्स देने वालों को राहत दी है। एक छोटा सा कदम सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को



आयुष्मान भारत योजना में शामिल करके उठाया है। आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताएं ग्रामीण तथा आदिवासी भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की पहली सीढ़ी हैं। दूर-दराज के इलाकों तथा वन क्षेत्रों में इनकी उपस्थिति तथा काम के प्रति निष्ठा से ही स्वास्थ्य सेवाएं देना संभव हुआ है। कोविड काल में इन्होंने अपनी जान पर खेलकर टीकाकरण के काम में जो कुछ किया उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। उनके लिए सरकार ने एक अच्छा कदम उठाया है। इससे उन्हें इसी तरह काम करते रहने की प्रेरणा मिलेगी।

अब लोकसभा चुनाव की ओर सभी का ध्यान है। बस कुछ ही दिनों में निर्वाचन आयोग इसकी घोषणा करेगा और फिर राजनीतिक हलचल अपने चरम पर होगी। लेकिन यह सरकार कुछ ऐसा जता रही है मानो वह भविष्य के प्रति निश्चिंत है। यही कारण था कि वित्त मंत्री ने इनकम टैक्स के यथावत रहने का भी संकेत दे दिया। उन्होंने टैक्स देने वालों को ललचाने की कोई कोशिश भी नहीं की। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि इनकम टैक्स की दरें पहले की ही तरह होंगी और उनमें बदलाव या छूट की कोई गुंजाइश नहीं है। लोकसभा चुनाव के सिर पर रहने के बावजूद इतना बड़ा कदम उठाना वाकई प्रशंसा का विषय है। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने में नई व्यवस्था के तहत सात लाख रुपये तक कमाने वालों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। यह व्यवस्था पिछले साल भी थी। इसका मतलब हुआ कि अगला बजट पेश करने में अगर वह वित्त मंत्री रहीं तो इनकम टैक्स की दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। यहां पर एक बात उल्लेखनीय है कि भारत की अर्थव्यवस्था भले ही दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है, उसके पास अन्य पैसे वाले देशों की तुलना में टैक्स देने वाले बहुत ही कम हैं। यहां की कुल आबादी का दो प्रतिशत ही टैक्स देती है जिसमें बहुत बड़ी तादाद वेतनभोगियों की है जो इनकम टैक्स के जाल से बच नहीं पाते हैं। अच्छा होगा कि वित्त मंत्री अगले बजट में उन लोगों को टैक्स के जाल में लाने की कोशिश करें जो अच्छा कमा रहे हैं लेकिन टैक्स नहीं दे रहे हैं। यह कठिन कार्य है और इसमें उन कृषि उत्पादकों को भी लाना होगा जो बहुत अच्छी कमाई कर रहे हैं, सरकारी सुविधाओं, सब्सिडी का भी उपभोग करते हैं लेकिन टैक्स देने के नाम पर सरकार को आंख दिखा देते हैं। ऐसे कई और वर्ग हैं जिनकी सरकार को खोज करनी चाहिए और टैक्स का दायरा बढ़ाना चाहिए। इससे टैक्स वसूली बढ़ेगी और सरकार अन्य तरह की कल्याणकारी योजनाएं बना सकेगी तथा उन्हें कार्यान्वित कर सकेगी।

अगला बजट जो जुलाई में आयेगा वह पूर्ण बजट होगा। अभी सरकारी आंकड़े अधूरे हैं और अनुमान से भरे हुए हैं। तब तक तस्वीर साफ हो जायेगी और सरकार के लिए बड़े फैसले लेना आसान होगा। वित्त मंत्री के तरकस में अभी टैक्स छूट के अलावा कई और तीर हैं जिससे जनता में खुशियां आ सकती हैं। वह चाहें तो 50,000 रुपये तक के स्टैंडर्ड डिडक्शन को बढ़ा सकती हैं, बीमा पर लगे टैक्स में कटौती कर सकती हैं, टैक्स रिटर्न देर से भरने वालों को राहत दे सकती हैं, सीनियर सिटीजन्स के ईपीएफ तथा एनपीएस पर एक सीमा के बाद लगे टैक्स को घटा सकती हैं। इस तरह के कदमों की गुंजाइश है जिसे उठाकर वह लोगों को राहत दे सकती हैं। यह संभव अगले बजट में होगा जिसे पूर्ण बजट कहा जायेगा। उसमें वित्त मंत्री के पास काफी कुछ होगा।

इंतजार कीजिये, लोकसभा चुनाव का और फिर नई सरकार का जो देश की जनता की आर्थिक स्थिति को सुधारने के बड़े कदमों के अलावा कुछ छोटे कदम भी उठायेगी। ऐसे कदमों से भी जनता का उत्साह बढ़ता है और वह टैक्स देने को प्रेरित होती है।

**( यह लेखक के अपने विचार है।)**

# पवित्र जगहों की रक्षा करना हमारा वादा

एमएम जैकब, तत्कालीन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री

महोदय, हम जैनल अबेदिन द्वारा पेश निजी संकल्प पर चर्चा कर रहे हैं। रामजन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद तथा 15 अगस्त, 1947 की स्थिति के अनुसार धार्मिक स्थलों तथा पूजा स्थलों की यथापूर्व स्थिति बनाए रखने संबंधी संकल्प पर चर्चा जारी है। आज सुबह कांग्रेस पार्टी के चुनाव घोषणापत्र तथा राष्ट्रपति द्वारा की गई उद्घोषणा के अनुसार एक विधेयक पेश किया गया। जैनल अबेदिन द्वारा पेश किए गए विधेयक की भावना को ध्यान में रखते हुए मैं माननीय सदस्य से इसी स्तर पर विधेयक को वापस लेने का अनुरोध करता हूं। ...अध्यक्ष महोदय, करीब दस घंटे तक चली इस महत्वपूर्ण चर्चा के समापन के लिए आपने मुझे अवसर दिया है, इसके लिए मैंआपका आभारी हूं। इस मुद्दे पर कुल 9 घंटे 40 मिनट चर्चा हुई। ...मेरे पास इतना समय नहीं है कि हम इसके विस्तार में जाएं तथा इसके विभिन्न पहलुओं, जिनका उल्लेख वक्ताओं ने किया है, उनका जिक्र करूं, यद्यपि मैं कुछ समय लेना चाहता हूं।...

कुछ समय पहले मुझे यह देखकर आश्चर्य हो रहा था कि सभा में तनाव व्याप्त था। आज ही नहीं, पहले दिन से ही चर्चा गरम थी। मेरी समझ में यह नहीं आया कि ऐसा क्यों हुआ। चाहे कोई किसी भी धर्म में विश्वास करता हो, इस देश में सभी धर्मों का मूल तत्व है- परस्पर प्रेम और स्नेह। मैंने ऐसा कोई भी धर्म नहीं देखा है, जो घृणा का उपदेश ही देता हो। ...यदि आप वास्तव में धार्मिक हैं और यदि आप हमारे धर्म के उद्देश्य के बारे में विदित हैं, तो हर कीमत पर शांति स्थापित करने का हमारा प्रयास है।...बहुत पहले इस देश में पूजास्थलों के समर्थन और विरोध में खूब प्रचार हुआ है। मैं उन बातों में समय नहीं लगाऊंगा, क्योंकि हमारे पास समय नहीं है, पर इस देश में व्याप्त सभी पहलुओं पर विचार करते हुए तथा इस विशाल देश की सांस्कृतिक विरासत और पृष्ठभूमि को देखते हुए जो संस्कृति हमने इस देश के वेद और उपनिषदों से विकसित की है, उसकी



महानता को स्वीकार करते हुए हमारे नेता राजीव गांधी ने ठीक ही विचार किया था कि पूजा स्थलों की सुरक्षा के लिए इस देश में एक कानून बनाना आवश्यक है।

महोदय, यह कोई नई बात नहीं है। यह वह देश है, जहां शांतिदूत की हत्या हुई है, जहां शांतिप्रिय लोगों को राष्ट्रहित में जीना और मरना पड़ा है; जहां भगवान बुद्ध ने लोगों में शांति और सौहार्द कायम करने के लिए अपने राज्य को त्याग दिया था। ऐसे देश में भारतीय संविधान ने अनुच्छेद 23, 24, 25, 26 और अन्य कई संबंधित अनुच्छेदों का ठीक ही प्रावधान किया है। विशेषकर अनुच्छेद 26 में सभी को अपना धर्म मानने का अधिकार देने तथा पूजा स्थलों की रक्षा करने पर बल दिया गया है। मैं इसके सांविधानिक पहलू की और व्याख्या करना नहीं चाहता। हमारे सभी सहयोगी यह जानते ही हैं, लेकिन साधारण सी बात यह है कि संविधान से यह अधिकार प्राप्त होता है, और इस देश में जो लाखों लोग शांतिपूर्वक रहना चाहते हैं, उनकी चिंता के कारण मेरे महान नेता राजीव गांधी ने यह विचार किया कि समस्या को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए और बातचीत की पहल करने का उत्तरदायित्व अपने ऊपर लेना चाहिए। इसके लिए उन्होंने हाल के चुनाव से पूर्व कांग्रेस पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में एक वाक्य यह भी जोड़ दिया कि सभी पूजा स्थलों और विशेषकर अयोध्या के मामले में समस्या का शांतिपूर्ण हल खोजा जाएगा। ...राष्ट्रपति के अभिभाषण में भी यह उल्लिखित है..., सरकार दोनों समुदायों की भावनाओं के अनुरूप बाबरी मस्जिद विवाद का शांतिपूर्ण समाधान खोजेगी और अन्य धर्मस्थलों की 15 अगस्त, 1947 की स्थिति को बनाए रखा जाएगा, ताकि आगे नया विवाद उत्पन्न नहीं होने पाए।

इसके परिणामस्वरूप जब ऐसे विधेयक को प्रस्तुत किया गया, तब मैंने इस संकल्प के प्रस्तुतकर्ता, अपने मित्र से निवेदन किया कि वह अपने संकल्प को वापस ले लें। ...अब दोनों पक्षों के भावनात्मक उतार-चढ़ाव के बावजूद इस संकल्प के माननीय प्रस्तुतकर्ता इसे वापस लेकर भी बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने ही संकल्प को वापस लेने की इच्छा व्यक्त की।

मैं इस विधेयक पर और नहीं बोलना चाहता। एक नया विधेयक सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। ...हम इस पर सभा में चर्चा कर रहे हैं। आज ही सुबह हमने उन्हीं बातों को पूरा करने का प्रयास किया है, जिसका वादा हमने किया था।

**( लोकसभा में दिए गए उद्बोधन से )**


# पूजा स्थल से संबंधित यह विधान सही नहीं

जसवंत सिंह, वरिष्ठ नेता व सांसद

महोदय, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। कार्यसूची में मद संख्या 12 में पूजा स्थल, विशेष उपबंध विधेयक से संबंधित विधेयक की पुरःस्थापन का उल्लेख है।... सबसे पहले यह निदेश संख्या 19-क और 19-ख का उल्लंघन है। ...मैं इस बात को स्पष्ट करना चाहता हूं कि इसमें धन विधेयक से संबंधित उपबंधों का उल्लंघन क्यों है? ...मेरा कहना है कि जिस भी विधेयक में भारत की संचित निधि से धन निकालने की बात हो अथवा कोई भी व्यय भारत की संचित निधि पर आता हो, उसके साथ वित्तीय ज्ञापन होना चाहिए। ...जब तक इस विधेयक के साथ वित्तीय ज्ञापन नहीं होगा, तब तक पुरःस्थापित करने के चरण पर ही इसका विरोध किया जाएगा।

मेरा दूसरा प्रश्न है कि ऐसा कानून बनाने का यह प्रयास संविधान का उल्लंघन करता है, क्योंकि यह हमारी सभा के विधायी अधिकारों से बाहर है। ...यदि किसी विधेयक को स्थापित करने से संघ के राज्यों के अधिकारों का उल्लंघन होता है और हम ऐसे विधेयक पर विचार करने से पहले उसे स्थापित करते हैं, तो यह विधायी अधिकारों के बाहर की बात है। यदि आप मेरे इस तर्क से सहमत हैं, तो इस पहलू पर विस्तृत चर्चा होगी। ...मद संख्या 16 में यह उल्लेख है कि तीर्थस्थल, भारत से बाहर के तीर्थस्थलों के अलावा। हम ऐसे विधेयक पर चर्चा कर रहे हैं, जिसमें भारत के तीर्थस्थलों का उल्लेख है। ...मेरा यह विशिष्ट प्रश्न है कि जब लोग कैलाश अथवा मक्का जाना चाहते हैं, जो कि भारत के बाहर है और विषय भारत सरकार के अंतर्गत आता है। लेकिन मेरा कहना है कि तीर्थयात्रा चाहे वह अमरनाथ हो, चाहे चार धामों की हो, चाहे पांचवें धाम की हो, जो नेपाल में है, चाहे वह नेपाल की यात्रा हो, वह भारत सरकार के अंतर्गत आएगी। भारत के भीतर तीर्थस्थलों का दायित्व संघ के राज्यों पर आएगा।

...यदि पूजा स्थल तीर्थस्थल नहीं है, तब क्या है? ...मैं किसी विख्यात दरगाह में



जाता हूं अथवा गरीब नवाज की दरगाह पर जाता हूं अथवा तीर्थयात्रा पर जाता हूं, तो वह पूजा स्थल ही है। ... आप तीर्थयात्रा को पूजा से अलग कैसे कर सकते हैं? तीर्थयात्रा शब्द में पूजा करना निहित है। हम पूजा स्थलों के बारे में विशेष रूप से एक विधान ला रहे हैं। ...ध्यान रहे, भारत के बाहर के तीर्थस्थलों के अलावा तमाम तीर्थस्थल राज्यों के लिए विशेष रूप से आरक्षित हैं। मेरा निवेदन है कि केवल इसी आधार पर हमारी सभा की विधायी क्षमता हमें इस विधान पर चर्चा करने की अनुमति नहीं देती है। ...उपासना के अनेक स्थल कब्रिस्तानों तथा श्मशान से जुड़े हैं। मैं इसी मुद्दे पर पुनः जोर देना नहीं चाहता कि ...आप राज्यों के अधिकारों का अतिक्रमण कर रहे हैं। ...मैं समझता हूं कि आप (यह विधेयक लाकर) अत्यधिक अन्याय करेंगे।... संविधान के तहत लोक व्यवस्था, सदाचार और स्वास्थ्य के अधीन रहते हुए प्रत्येक धार्मिक संप्रदाय या उसके किसी विभाग को अपने धर्म विषयक कार्यों का प्रबंध करने का, संपत्ति के अर्जन और स्वामित्व का और ऐसी संपत्ति का विधि अनुसार प्रशासन का अधिकार होगा। हम इस मौलिक अधिकार का अतिक्रमण कर रहे हैं।

...मुझे एक बात और कहनी है। जम्मू-कश्मीर राज्य को इस विशेष विधेयक के उपबंधों से बाहर रखा गया है। जम्मू-कश्मीर में ऐसे उपासना स्थल अनेक हैं, जहां पर विभिन्न धर्मों के लोगों द्वारा उपासना की जाती है। मैं समझता हूं कि इस सभा को यह पता है कि जम्मू-कश्मीर में अनेक मंदिरों को अपवित्र किया गया है। क्या इस राज्य को अलग रखना बुनियादी तथा मौलिक समानता और संविधान का अतिक्रमण नहीं होगा? मैं अपने चार कारणों को फिर दोहराता हूं, यह निर्देश 19-क तथा 19-ख का उल्लंघन है। यह इसलिए भी उल्लंघन है, क्योंकि धन विधेयकों से संबंधित वित्तीय ज्ञापन शामिल नहीं किया गया है और तीसरा यह...संविधान का उल्लंधन है। ...मैं विस्तार से नहीं बोल रहा, पर यह उपासना के अधिकार से संबंधित अनुच्छेद 26 के तहत मौलिक अधिकार का भी अतिक्रमण है और महोदय, जम्मू-कश्मीर को अलग रखने के कारण मैं अनुरोध करता हूं कि विधेयक सदन में स्थापित न किया जाए।

...मैं पुनः जोर देकर कहूंगा कि यह संविधान का उल्लंघन है।... इसमें अगर जम्मू-कश्मीर राज्य को शामिल नहीं किया जा रहा है, तो एक तरह से इसका प्रयोजन ही निष्फल हो गया है।

**( लोकसभा में दिए गए उद्बोधन से )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर ओपन जिम उपकरणों की हुई जांच

**रायपुर।** नगरीय निकायों की बैठक में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह द्वारा दिए गए निर्देश पर कार्यवाही करते हुए रायपुर नगर निगम ने अपने सभी ओपन जिम उपकरणों की जांच शुरू कर दी है। महादेव घाट में लगे ओपन जिम उपकरणों में आवश्यक सुधार कर इस दुरूस्त भी कर दिया गया है। कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा है कि स्वास्थ्य के लिए सजग नागरिकों द्वारा इन उपकरणों का नियमित उपयोग किया जाता है, अत: सभी जोन उनके क्षेत्र में लगे जिम उपकरणों का संधारण नियमित रूप से करते रहे। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि जन सामान्य के उपयोग के लिए स्थापित उपकरणों का इस्तेमाल ठीक से करें और ऐसे तत्व जो इसे नुकसान पहुंचाते है, उसकी शिकायत भी नगर निगम के पास दर्ज कराएं।

### आयुक्त ने खम्हारडीह में जलसंकट का स्थायी निदान करने नवीन पानी टंकी बनाने दिये निर्देश

**रायपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री अरुण साव के मार्गदर्शन रायपुर जिला कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा - निर्देशन में नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के साथ मिलकर राजधानी शहर नगर निगम क्षेत्र में प्रतिदिन नियमित रूप से स्वच्छता अभियान शहर की स्वच्छता रैकिंग और अधिक बेहतर बनाने निरन्तर प्रगति पर है. नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा द्वारा स्वच्छता अभियान का प्रतिदिन अवलोकन कर स्थल समीक्षा कर सफाई प्रबंधन सुधारने आवश्यक निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों से सफाई पर चर्चा कर जानकारी लेकर दिये जा रहे है। इस क्रम में आज नगर निगम आयुक्त ने निगम जोन 9 के तहत कचना एवं खम्हारडीह क्षेत्र का निरीक्षण निगम जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियन्ता के. के. शर्मा की उपस्थिति में किया. आयुक्त ने कचना में सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया. आयुक्त ने कचना में अरविंदो स्कूल के बच्चों एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं से आत्मीयता से चर्चा की. बच्चों ने प्रसन्नता के साथ निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी एम. डी. अबिनाश मिश्रा का अरविंदो स्कूल के प्रांगण में आत्मीय स्वागत किया। आयुक्त ने खम्हारडीह में नारी निकेतन, बाल आश्रम, रामायण कॉलोनी क्षेत्र का अवलोकन किया एवं वहाँ जलसंकट होने की जानकारी पर रहवासियों से चर्चा की. करवाकर प्रेषित करने के निर्देश जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय को दिये है।

# आर्य समाज ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान के लिए सक्रियः विष्णु देव साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में रायगढ़ के ग्राम तुरंगा के गुरूकुल आश्रम में सत्य के प्रकाशक महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयंती पर ज्ञान ज्योति पर्व की श्रृंखला में अखिल भारतीय वैदिक महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्ष गुरुकुल आश्रम के स्थापक चतुर्भुज गुप्ता की वयोवृद्ध धर्मपत्नी माता मल्लिका चतुर्भुज, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, डॉ. रामकुमार पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अखिल भारतीय वैदिक महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा की स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर संत सम्मेलन आयोजन महत्वपूर्ण हैं। इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर मिला यह मेरा सौभाग्य है।

उन्होंने संत सम्मेलन में आए सभी आगंतुकों को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1999 मैं पहली बार सांसद बना था। तब से मुझे आर्य समाज के आश्रमों में जाने के साथ ही कार्य करने का अवसर मिलता रहा है। आर्य समाज द्वारा ग्रामीण, आदिवासी क्षेत्रों में लोगों की शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान के लिए लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने आर्य समाज को इसी प्रकार जनसेवा जारी रखने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि आप सभी लोगों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर विश्वास किया। आज हमारी सरकार को लगभग डेढ़ माह हुए हैं। हमारी सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ चुकी है। इसी का परिणाम है कि आज प्रदेश में 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस 25 दिसंबर पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन राज्य शासन ने प्रदेश के 12 लाख से अधिक किसानों को 2 साल के धान का बकाया बोनस भी दिया। प्रदेश के किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करते हुए प्रति क्विंटल 3100 रुपए में तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी कर रही है। किसानों की सुविधा के लिए धान खरीदी की तारीख को 4 फरवरी तक बढ़ाया गया है, जिससे जो किसान धान नहीं बेच पाए है वो भी बेच पायेंगे। इस वर्ष बंपर धान खरीदी की गई है, जो तय लक्ष्य से अधिक हैं। इसी प्रकार तेन्दूपत्ता खरीदी के साथ ही चरण पादुका भी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक रूप से सशक्त हो रहा है। इसी क्रम में 22 जनवरी को अयोध्या में भगवानी श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। शासन 'रामलला दर्शन योजना' के तहत प्रदेश के लोगों को रामलला के दर्शन भी कराएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी ने आर्ष गुरुकुल आश्रम के स्थापक चतुर्भुज गुप्ता की वयोवृद्ध धर्मपत्नी माता मल्लिका चतुर्भुज का सम्मान भी किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर आर्ष गुरुकुल आश्रम तुरंगा के परिसर में बनने वाले अतिथि शाला भवन का शिलान्यास किया। इस आर्ष की गुरुकुल आश्रम स्थापना सन 1992 में हुई थी।

ग्राम तुरंगा के आर्ष गुरुकुल में 260 बच्चे सामान्य शिक्षा के साथ वेदों का ज्ञान अर्जित कर रहे है, जिसमें स्थानीय बच्चों के साथ आवासीय आश्रम के माध्यम से मणिपुर, मिजोरम, उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों के लगभग 35 बच्चे भी शामिल हैं, जो नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

## चक्रीय फसलों के लिए किसानों को करें प्रोत्साहित - मंत्री नेताम

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने आज नया रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस के बेंक्वेट हाल में विभागीय काम-काज की समीक्षा की। मंत्री श्री नेताम ने बैठक में कहा कि पात्र और वास्तविक किसानों को शासन के योजनाओं का लाभ मिले यह सुनिश्चित हो। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। जैविक खेती को बढ़ावा मिले।




उन्होंने कहा कि सरकार की किसान हितैषी नीतियों के कारण ज्यादातर किसान धान की फसल लेने लगे हैं, लेकिन इससे पानी का इस्तेमाल बढ़ा है, जिससे आने वाले समय में पानी की समस्या भी हो सकती है। साथ ही दलहन जैसी फसलें लेने से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है।

अत: दलहन, तिलहन जैसे चक्रीय फसलों के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए तथा इन चक्रीय फसलों के लाभ के बारे में किसानों को बताएं। मंत्री श्री नेताम ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति जैसे अबुझमाड़िया, बिरहोर, बैगा, कमार और पहाड़ी कोरवा, वन अधिकार पत्र धारी किसानों सहित पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत जोड़ा जाय। उन्होंने अपूर्ण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री नेताम ने बैठक में कहा कि मिलेट फसलों को बढ़ावा दिया जाए, इसके लिए मार्केट उपलब्ध कराया जाए ताकि किसानों को फसल को विक्रय करने में कोई परेशानी न हो और उनकी उपज का ज्यादा से ज्यादा दाम मिल सके। मंत्री श्री नेताम ने कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना के जरिये छोटे-छोटे किसानों को कम लागत के यंत्र उपलब्ध कराए जाएं। जिससे छोटे किसान भी उन्नत कृषि की ओर अग्रसर हो और आर्थिक रूप से सशक्त बने।

उन्होंने उद्यानिकी विभाग की समीक्षा में कहा कि छत्तीसगढ़ में उद्यानिकी फसलों की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी फसलों के प्रसार के लिए हमारे पास पर्याप्त संसाधन उपलब्ध है। उद्यानिकी के क्षेत्र में ऐसा काम करें कि देश के दूसरे राज्य यहां का अनुकरण करें। उन्होंने नये-नये उद्यानिकी फसलों के प्रयोग हेतु 1000 एकड़ का पायलट प्रोजेक्ट का प्रस्ताव बनाने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिलेवार उस जिले के प्रमुख उद्यानिकी फसलों को चिन्हांकित कर उस फसल को बढ़ावा देने प्रयास किया जाए, जिससे उस फसल के नाम पर उस जिले का नाम बढ़े। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार, विशेष सचिव कृषि डॉ. सारांश मित्तर, संचालक कृषि श्रीमती चंदन त्रिपाठी सहित प्रबंध संचालक, अपर संचालक, सयुंक्त संचालक और जिले के अधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं को दुर्भावना पूर्वक बंद कर रही है साय सरकार - सुरेन्द्र वर्मा

**रायपुर।** राजीव गांधी युवा मितान क्लब योजना बंद करने के भाजपा नेताओं के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि पूर्वाग्रह से ग्रसित भाजपा के नेताओं का यह युवा विरोधी चरित्र है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार का छत्तीसगढ़ के युवाओं की ऊर्जा को दिशा देने और रचनात्मक प्रयोग का यह क्रांतिकारी कार्यक्रम है। पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, साफ़ सफ़ाई, नशाबंदी अभियान, खेल, संस्कृति, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक जैसे सामाजिक, सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों के प्रोत्साहन में महत्वपूर्ण भूमिका राजीव युवा मितान क्लब के युवाओं की रही है। जन सरोकार और युवाओं के हित में संचालित इस महत्वपूर्ण योजना को दुर्भावना पूर्वक बंद किया जा रहा। योजना में यदि कुछ खामी है, तो उसे बेहतर करने का विकल्प उनके पास है, लेकीन सीधे तौर पर योजना को ही बंद करना बेहद निंदनीय है। पूर्ववर्ती सरकार ने बेरोजगारी भत्ते का बजट प्रावधान 31 मार्च 2024 तक के लिए पहले ही सुनिश्चित कर दिया था लेकिन दुर्भावना पूर्वक बेरोजगारी भत्ता की राशि भी नवंबर माह से छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं को मिलना बंद हो गया है। चौथी किसका बजट प्रावधान भी पूर्ववर्ती सरकार ने किया है।

### मुख्यमंत्री ने शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की प्रतिमा का किया अनावरण

# शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी पर पूरे प्रदेश को है गर्व- सीएम विष्णुदेव साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की शहादत को नमन करते हुए कहा कि शहीद कर्नल का पूरा परिवार तीन पीढ़ियों से देश सेवा कर रहा है। पूरे प्रदेश एवं रायगढ़ के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री साय ने उनके पूरे परिवार के बलिदान को नमन किया। वे आज रायगढ़ जिले में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम परिसर में स्थापित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की प्रतिमा अनावरण कर कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।



इस मौके पर वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता सुभाष त्रिपाठी, माता श्रीमती आशा त्रिपाठी, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि पिछले दिनों रायगढ़ प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के परिजनों से कहा था कि जब भी आप शहीद कर्नल त्रिपाठी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे, मैं जरूर आउंगा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री आज रायगढ़ में शहीद कर्नल त्रिपाठी की प्रतिमा का अनावरण किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रायगढ़ के इस सपूत की वीरता की कहानियां रगो में जोश भर देती है। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी देशभक्ति और कर्तव्यपरायणता के मिसाल थे। उन्होंने देश के दुश्मनों का डटकर मुकाबला किया और कर्तव्य पालन में कभी रुके नही, थके नहीं। जब आतंकवादियों ने हमला किया तो आखिरी गोली तक वे दुश्मनों से लड़ते हुए शहीद हो गए। श्री साय ने कहा कि वे ऐसे जबांज शेर थे जिनका सामना करने में देश के दुश्मन घबराते थे, इसलिए आतंकवादियों ने उन्हें एम्बुस में फंसाकर हमला किया। दुश्मनों से लड़ाई करते हुए वे अपनी पत्नी अनुजा और बेटे अबीर के साथ वीरगति को प्राप्त हुए। उनके शहादत पर रायगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश और प्रदेश को नाज है। मुख्यमंत्री श्री साय ने शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम के जल्द कायाकल्प करने का आश्वासन दिया।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि हर रायगढ़ वासी को गर्व है कि शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी रायगढ़ की धरती पर पैदा हुए। उन्होंने देश-दुनिया के सामने देशभक्ति की नजीर रखी। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी देवत्व से ऊंचे धरातल को प्राप्त करने वाले व्यक्तित्व हैं। जिन्होंने अपने प्राणों तक का त्याग किया। श्री चौधरी ने कहा कि हमारी वर्तमान पीढ़ी देश के लिए उनके योगदान को हमेशा याद करेगी। वो आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके कार्य हमारी स्मृति में प्रेरणा के रूप में हमेशा मौजूद रहेगी।


उन्होंने कहा कि रायगढ़ में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की स्मृति में अग्निवीर भर्ती कैंप का आयोजन किया जाएगा और अग्निविर भर्ती के प्रशिक्षण की नि:शुल्क व्यवस्था की जायेगी।

शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी देश के ऐसे विरले बलिदानी है जिन्होंने देश सेवा में अपने पूरे परिवार के साथ प्राण न्योछावर कर दिए। 13 नवंबर 2021 को म्यांमार सीमा से लगे विहांग में अलगाववादी समूह द्वारा घात लगाकर किए हमले में अपने जवानों को बचाते हुए अंतिम गोली तक शहीद कर्नल त्रिपाठी ने मुकाबला किया और सर्वोच्च बलिदान देते हुए अपनी पत्नी अनुजा बेटे अबीर के साथ वीरगति को प्राप्त हुए।

## नगर निगम ने चलाया मलीन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व, उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री अरुण साव के मार्गदर्शन, रायपुर जिला कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा - निर्देशन में नगर पालिक निगम रायपुर के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुधारने सहित रायपुर की स्वच्छता रैकिंग और अधिक बेहतर बनानेकी दृष्टि से निरन्तर सतत स्वच्छता अभियान वार्डों एवं बस्तियों में जारी है। नगर निगम जोन क्रमांक 2 के तहत वीरांगना अवंति बाई लोधी वार्ड क्रमांक 6 के तहत वाल्मीकि नगर मलीन बस्ती, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड क्रमांक 36 के तहत सुभाष नगर मलीन बस्ती, देवेन्द्र नगर सेक्टर -4 रहवासी बस्ती क्षेत्र की सभी गलियों एवं नालियों को वार्ड एवं जोन के स्वच्छता गैंग से 30 -40 सफाई कामगारों का गैंग भेजकर विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरा उठवाकर जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा बाबत स्वच्छता कायम की गयी है. नगर निगम अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय, नगर निगम जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे एवं जोन 2 के प्रभारी जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री रवि लवनिया ने मलीन बस्तियों में जोन स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर रहवासियों से कचरा सफाई मित्र को सफाई वाहन में सूखा एवं गीला कचरा पृथक - पृथक करके देने, कचरा नाली, नाला, सड़क, गली, तालाब में नहीं डालने का संकल्प लेकर बस्ती की स्वच्छता व्यवस्था निरंतर कायम रखने सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने का आव्हान किया है।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...





### एमएमआई नारायणा में हुआ बोन मैरो का सफल ट्रांसप्लांट

**रायपुर ( ए )।** एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया गया। रायपुर के बलदाऊ राम सेन का सफल ट्रांसप्लांट हुआ है। बलदाऊ राम को पिछले 3 वर्षों से लिंफोमा यानी कि ब्लड कैंसर था, जिसके कारण उन्हें कमजोरी और उनका वजन भी कम हो गया था। बोन मैरो ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया 3 सप्ताह तक चली, जिसके बाद इस बीमारी से अब ठीक हो चुके है। सफल ट्रांसप्लांट को लेकर डॉ. यशवंत कश्यप ने बताया कि यह एक जटिल प्रक्रिया थी। मरीज की उम्र अधिक थी और कैंसर भी एडवांस स्टेज में था, लेकिन एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में अनुभव ही डॉक्टरों की टीम ने यह सफल कर दिखाया। हॉस्पिटल के फैसलिटी डायरेक्टर तपनी घोष के कहा की एमएमआई नारायणा अस्पताल बहुत ही गौरवान्वित और हर्ष महसूस करता है की यह जटिल ट्रांसप्लांट जैसी प्रक्रिया को अब रायपुर शहर में सफलता पूर्वक किया जा रहा है।

### निगम ने महादेव घाट में लगे जिम उपकरणों को किया दुरूस्त

**रायपुर ( ए )।** नगरीय निकायों की बैठक में कलेक्टर डॉ. गौरव कुस्मार सिंह के निर्देश पर कार्यवाही करते हुए रायपुर नगर निगम ने अपने सभी ओपन जिम उपकरणों की जांच शुरू कर दी है। महादेव घाट में लगे ओपन जिम उपकरणों में आवश्यक सुधार कर इस दुरूस्त भी कर दिया गया है। निगम कमिश्नर ने कहा है कि स्वास्थ्य के लिए सजग नागरिकों द्वारा इन उपकरणों का नियमित उपयोग किया जाता है, अत: सभी जोन उनके क्षेत्र में लगे जिम उपकरणों का संधारण नियमित रूप से करते रहे। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि जन सामान्य के उपयोग के लिए स्थापित उपकरणों का इस्तेमाल ठीक से करें और ऐसे तत्व जो इसे नुकसान पहुंचाते है, उसकी शिकायत भी नगर निगम के पास दर्ज कराएं।



# निरंतर अभ्यास से प्राप्त करें दक्षता: मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

- **महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण मंत्री मोटिवेशनल सेमिनार एवं करियर वर्कशॉप में हुई शामिल**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सूरजपुर जिले के ऑडिटोरियम में आयोजित मोटिवेशनल सेमिनार एवं करियर वर्कशॉप में शामिल हुई। मंत्री राजवाड़े ने शैक्षणिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित इस मोटिवेशनल सेमिनार एवं करियर वर्कशॉप को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास से आप दक्षता को प्राप्त करते हैं और सफलता को सुनिश्चित कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने समय-सारणी में पढ़ाई को ज्यादा से ज्यादा स्थान देने की बात कही ताकि विद्यार्थी उज्जवल भविष्य की ओर अपने कदम बढ़ा सके।






इस मौके पर प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित कर अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर प्रिंस वर्मा ने शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को जीवन में आने वाले चैलेंज का सामना करने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने बच्चों को बताया कि निरंतर प्रयास से असंभव कार्य को भी पूर्ण किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को बड़े-बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया और उसे साकार करने के लिए निरंतर किस प्रकार प्रयास करना है उस पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि जो संसाधन और सुविधा उनके पास है उसका वो सभी पूर्ण रूप से दोहन करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सउफल प्रबंधन के क्रियान्वयन से हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है, इसलिए सभी दृढ़ निश्चय के साथ कड़ी मेहनत करें और सफल बनें। इसके साथ उन्होंने देश के महान विभूतियां से प्रेरणा लेने की बात भी कही।

इस अवसर पर सूरजपुर कलेक्टर रोहित व्यास सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने-अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# डीएमएफ की राशि का उपयोग जनहित से जुड़े कार्यों में की जाए: मंत्री लखनलाल देवांगन

- **डीएमएफ अन्तर्गत शासी परिषद में प्रगतिरत कार्यों और नये प्रस्तावों पर हुई चर्चा**

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा है कि डीएमएफ की राशि गाइडलाइन के अनुरूप व्यय की जाए। उन्होंने कहा कि डीएमएफमद के अंतर्गत जिले में स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य सुविधा सहित आवश्यकतानुसार अधोसंरचना की पूर्ति की जा सकती है। वे आज कोरबा में आयोजित जिला खनिज न्यास संस्थान के शासी परिषद को सम्बोधित कर रहे थे, बैठक में उन्होंने डीएमएफके अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री देवांगन ने कहा कि कोरबा आदिवासी बाहुल जिला है और प्रधानमंत्री ने जिले के खनिजों से प्राप्त रायल्टी से संबंधित जिले के विकास हो सके इसके लिए अनेक अधिकार परिषद को दिए हैं। डीएमएफ से जिले में स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य सुविधा सहित आवश्यकतानुसार अधोसंरचना की पूर्ति की जा सकती है। बैठक में उन्होंने विभागों और जन प्रतिनिधियों से प्राप्त विकास कार्यों के प्रस्तावों पर चर्चा की और कहा कि जिले के विकास से संबंधित प्रस्तावों को शीघ्र ही प्रस्तुत करें। विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, विधायक रामपुर फूलसिंह राठिया और जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला कंवर ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर अजीत वसंत ने शासी परिषद अन्तर्गत बैठक के विषय में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में शासी परिषद के सभी सदस्य, अधिकारी पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, डीएफओ अरविंद पीएम, कुमार निशांत, नगर निगम कोरबा आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई उपस्थित थीं।

### प्रस्तावों, कार्य योजनाओं पर हुई चर्चा

बैठक में नोडल अधिकारी, अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग ने बताया कि सेक्टर अनुसार प्रगतिरत कार्यों की जानकारी, अप्रारंभ कार्यों की जानकारी प्रदान की गई। जिला खनिज न्यास संस्थान अन्तर्गत अन्य जिलों को राशि अन्तरण उपरांत कुल प्राप्त राशि 2274.53 करोड़ में से 2134.84 करोड़ व्यय होने तथा 139.70 करोड़ राशि शेष होने की जानकारी प्रदान की गई। प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के प्रावधानों के अन्तर्गत 60 प्रतिशत कार्यों को उच्च प्राथमिकता क्षेत्र एवं 40 प्रतिशत कार्यों को अन्य प्राथमिकता के क्षेत्र में शामिल किया गया है।

# खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा: मंत्री टंकराम वर्मा



### नेशनल ताइक्वांडो का किया शुभारंभ

**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंग जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित नेशनल ताइक्वांडो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी है। मंत्री श्री वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने दो दिनों तक चलने वाले इस राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आये खिलाड़ियों को उन्होंने शुभकामनाएं दी। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफइंडिया के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 25 राज्यों के 800 खिलाड़ी शामिल हो रहे है। विभिन्न राज्यों से आए ताइक्वांडो के नन्हें-नन्हें 14 बालक और 14 बालिका खिलाड़ी भी शामिल हैं।

# छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का लक्ष्य पहले ही हो चुका है पूरा, कल तक होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

- **शनिवार एवं रविवार को भी किसान अपना धान बेच सकेंगे**
- **राज्य में 144.38 लाख मीट्रिक टन धान की रिकार्ड खरीदी**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अवधि 4 फरवरी तक बढ़ा दी है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि धान बेचने से शेष रह गये किसान अब आसानी से अपना धान बेच सकेंगे। शनिवार 03 फरवरी एवं रविवार 04 फरवरी को भी उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सामान्य दिनों की तरह बेच सकते है।

छत्तीसगढ़ में दिनों दिन धान खरीदी का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। लक्ष्य पहले ही पूरा हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 144.38 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर रिकार्ड खरीदी की जा चुकी है। धान उपार्जन के एवज में किसानों को 30 हजार 68 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है।

मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 24 लाख 68 हजार 314 किसानों से 02 फरवरी 2024 तक 144 लाख 38 हजार 552 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 104 लाख 16 हजार 117 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 95 लाख 83 हजार 718 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

# आदिम जाति मंत्री रामविचार नेताम ने प्रयास आवासीय कन्या विद्यालय रायपुर का किया औचक निरीक्षण

**खेल और सांस्कृतिक गतिविधि को बढ़ावा देने मिलेगी खेल व सांगीतिक सामग्री, बनेगा बॉस्केट बॉल कोर्ट**

- **जल्द नवीन कम्प्यूटर लैब बनाने की घोषणा**
- **बच्चों के भोजन को स्वयं चखकर किया गुणवत्ता का परीक्षण**

श्रीकंचनपथ न्यूज





**रायपुर।** आदिम जाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने आज राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित प्रयास आवासीय कन्या विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आवासीय विद्यालय के एक-एक कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान आवासीय विद्यालय के भोजन कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के लिए तैयार भोजन को चखकर गुणवत्ता का परीक्षण किया और भोजन व्यवस्था में आवश्यक सुधार के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान मंत्री नेताम ने बच्चों द्वारा कम्प्यूटर लैब की मांग पर तत्काल नवीन कम्प्यूटर लैब की स्वीकृति प्रदान की।

मंत्री नेताम ने बच्चों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए शीघ्र ही खेल सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इस मौके पर आवासीय विद्यालय परिसर में बॉस्केट बॉल कोर्ट बनाने की स्वीकृति भी प्रदान की। इसके अलावा विद्यार्थियों में सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ाव के लिए विद्यालय में जल्द ही संगीत-उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मंत्री नेताम के निरीक्षण के दौरान चर्चा में अधिकारियों ने बताया कि प्रयास आवासीय कन्या विद्यालय रायपुर में पिछली सरकार द्वारा अल्पसंख्यक और सामान्य वर्ग के लिए 10-10 सीट आरक्षित किए गए हैं, जो हर वर्ष खाली रह जाता है। मंत्री नेताम ने इस पर कहा कि सीट खाली नहीं जानी चाहिए, यदि इन वर्गों के विद्यार्थी नहीं मिलते हैं तो जरूरतमंद अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को चक्रिय और मेरिट क्रम में एडमिशन दिया जाए।

इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त सहित शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# आखिर क्यों आती है खाना खाने के बाद छींक! वजह जान रह जाएंगे हैरान



ज्यादा तीखा खाने के बाद कुछ लोग छींकने लगते हैं तो कुछ लोगों की नाक बहने लगती है। चलिए जानते हैं कि इसके पीछे की वजह क्या हो सकती है। भोजन के बाद छींक क्यों आती है। अक्सर आपने गौर किया होगा कि खाने के तुरंत बाद कुछ लोगों को छींक आने लगती है। कई बार लोग खाने के तुरंत बाद एक बार छींकते हैं तो कई लोगों को एक से ज्यादा बार छींक आती है। कुछ लोगों को भोजन करने के बाद नाक से पानी पहने की भी शिकायत होती है। ऐसा क्यों होता है, आप भी इसे लेकर सोचते होंगे।

डॉक्टर कहते हैं कि भोजन के बाद आने वाली छींक को गस्टेटरी राइनाइटिस कहते हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। जैसे जैसे उम्र बढ़ती है, भोजन के बाद आने वाली छींक की संख्या बढ़ती जाती है। चलिए आज इस बारे में बात करते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि गस्टेटरी राइनाइटिस दरअसल खाने के बाद नॉनएलर्जिक रिएक्शन है। कई बार ज्यादा मसालेदार भोजन खाने या फिर ज्यादा गर्म भोजन करने के बाद नाक की नली में सूजन आ जाती है। आपको बता दें कि नाक की नली में कई तरह के रिसेप्टर्स होते हैं जो तीखे भोजन के चलते छींक को ट्रिगर करते हैं। ये रिसेप्टर्स कैप्साइसिन नामक यौगिक की मौजूदगी में ट्रिगर करते हैं। ये यौगिक मिर्च और तीखी चीजों में पाया जाता है। अगर कोई ज्यादा तीखी चीज खाता है तो उसके चलते रिसेप्टर्स रिएक्ट करते हैं और व्यक्ति को छींक आने लगती है। हेल्थ एक्सपर्ट ने रिसेप्टर्स के साथ साथ वायरस और बैक्टीरिया को भी छींक का कारण मान है। कई बार बैक्टीरिया युक्त भोजन करने या नाक के जरिए वायरस की चपेट में आने के कारण भी व्यक्ति को छींक आने लगती है। तीखे भोजन के साथ साथ दूध, अंडे, सोया, मूंगफली और ट्री नट्स भी इस तरह की एलर्जी को ट्रिगर करते हैं जिससे छींक आने लगती है। गस्टेटरी राइनाइटिस के चलते भोजन के बाद छींक आना हालांकि बड़ी समस्या नहीं है। लेकिन अगर ये ज्यादा परेशान करती है तो एलर्जी वाले भोजन से दूरी बनाकर इससे राहत पाई जा सकती है।


# रिंगमास्टर के तमिल रीमेक में कीर्ति सुरेश की भूमिका निभाएंगी मालवी मल्होत्रा



2014 की मलयालम फिल्म रिंग मास्टर के तमिल रीमेक में अभिनेत्री मालवी मल्होत्रा नजर आएंगी। इसे निर्देशक आर कन्नन द्वारा बनाया जा रहा है, जिन्होंने जब वी मेट, डेली बेली, द ग्रेट इंडियन किचन और कई अन्य फिल्मों का रीमेक बनाया है। फिल्म का संगीत मशहूर संगीतकार डी इम्मान ने दिया है। मालवी रिंग मास्टर के तमिल रीमेक में कीर्ति सुरेश की भूमिका निभाएंगी।

प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए मालवी ने कहा, मैं इस रीमेक का हिस्सा बनकर बहुत खुश और उत्साहित हूं। फिल्म देखने के बाद, मैं कीर्ति सुरेश की भूमिका से बहुत प्रभावित हुई और चरित्र की तैयारी शुरू कर दी और कुछ कार्यशालाएं भी लीं। मैं इस फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उत्सुक हूं। मालवी अगली बार तेलुगु फिल्म तिरागभदरा सामी में नजर आएंगी, जो 23 फरवरी को रिलीज होगी।

# दिव्या खोसला कुमार की हीरो हीरोइन से नई झलक जारी, हिंदी और तेलुगू भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म



बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। फैंस उनके लुक्स के दीवाने हैं। दिव्या की आने वाली फिल्म का नाम हीरो-हीरोइन है जो हिंदी और तेलुगू भाषाओं में रिलीज होगी। इस फिल्म के चर्चे खूब हैं और अब फिल्म का दूसरा पोस्टर एक्ट्रेस ने शेयर कर दिया है। इस लुक में भी दिव्या बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। इसके पहले वाला पोस्टर भी खूब सुर्खियों में रहा है। दिव्या खोसला की इस फिल्म का इंतजार फैंस को काफी समय से है।

टॉयलेट: एक प्रेम कथा, रुस्तम, पैडमैन, और परी जैसी क्रांतिकारी फिल्में देने बनाने वाली प्रोड्यूसर प्रेरणा अरोड़ा अब एक नई फिल्म के साथ आ रही हैं। फिल्म हीरो-हीरोइन में प्रेम और ड्रामा दिखाया जाएगा। सुरेश कृष्णा इस फिल्म का निर्देशन करेंगे और इस फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। इसमें असल जीवन की एक लव स्टोरी को दिखाया जाएगा जो दर्शकों को पसंद आ सकती है। दिव्या खोसला कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म हीरो-हीरोइन का दूसरा पोस्टर शेयर किया है इसके कैप्शन में उन्होंने फिल्म की पूरी टीम के बारे में बताया है इसके साथ ही निर्माता-निर्देशक को टैग करते हुए उन्होंने फिल्म का ये पोस्टर शेयर किया है।

वहीं इसके पहले इस फिल्म का पहला पोस्टर कुछ दिनों पहले शेयर किया था। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मेरी मां के आशीर्वाद के साथ मैं आपके लिए हीरो-हीरोइन का पहला लुक शेयर कर रही हूं। ये एक ऐसी जर्नी है जिसे आपका प्यार चाहिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रेरणा अरोड़ा इसके बारे में कहती हैं, अब तक मिले प्रतिसाद से उत्साहित हूं, यह एक ऐसी फिल्म है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। ये प्रेम के अप्रत्याशित मोड़ों को लेते हुए भावनाओं की एक कलाकृति को उजागर करती है। इसका पोस्टर इस सिनेमाई यात्रा से क्या उम्मीद करने की एक झलक देते हैं, मैं वादा करती हूं कि कहानी आपको अपनी सीटों के किनारे पर रखेगी।

# मनोज बाजपेयी की जोरम ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक




मनोज बाजपेयी को इन दिनों कोंकणा सेन शर्मा के साथ किलर सूप में देखा जा रहा है। यह फिल्म 11 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इससे पहले मनोज को फिल्म जोरम में देखा गया था, जो पिछले साल 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई थी। बेहतरीन कहानी और कलाकारों की उम्दा अदाकारी के बावजूद फिल्म को दर्शक नसीब नहीं हुए। सिनेमाघरों में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद अब जोरम ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे दी है।

जी स्टूडियो ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल जोरम का पोस्टर साझा करते हुए फिल्म की स्ट्रीमिंग की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, आपकी पसंदीदा सर्वाइवल थ्रिलर अब अमेजन प्राइम पर आ गई है। अब आप किस बात की प्रतीक्षा कर रहे हैं।मनोज ने लिखा, जोरम आज अमेजन पर रिलीज हो गई। इस फिल्म को देखें और इसका प्रचार करें। जोरम ओटीटी पर रेंट पर उपलब्ध है। प्राइम वीडियो पर 199 रुपये में यह फिल्म आप रेंट पर ले सकते हैं। मनोज बाजपेयी की सर्वाइवल थ्रिलर, जोरम को एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज लाइब्रेरी के नामी स्थायी कोर संग्रह में भी जोड़ा गया है। पिछले साल अपने एक इंटरव्यु में, जोराम के शामिल होने पर रिएक्ट करते हुए, एक्टर ने कहा- यह एक बहुत अच्छी खबर है जो हमारे पास आई है और मुझे वास्तव में लगता है कि हम इसके साथ एक पूर्ण चक्र में आ गए हैं। मैं सत्यापन के लिए काम नहीं करता। मैं काम करता हूं क्योंकि यही वह है जो मैं करना चाहता था और इसी के प्रति मेरा जुनून है, जोरम एक अविश्वसनीय कहानी है जो एक पिता की यात्रा को उजागर करती है, जिसका किरदार मनोज ने निभाया है, जो एक बच्चे की देखभाल करते समय कई चुनौतियों का सामना करता है। देवाशीष मखीजा की डायरेक्टेड, यह फिल्म एक बाहरी व्यक्ति की अस्तित्व की लड़ाई की कहानी बताती है, जो दर्शकों के लिए एक रोमांचक अनुभव की गारंटी देती है।

# आयशा शर्मा ने ट्रांसपेरेंट आउटफिट में गिराई बिजली



नेहा शर्मा की तरह की उनकी बहन आयशा शर्मा भी काफी ज्यादा बोल्ड हैं और सोशल मीडिया पर नजर आती रहती हैं। इस वक्त भी कुछ ऐसा ही सामने आया है और तस्वीरें आग की तरह वायरल हो रही है।

दरअसल अपनी स्किन को ऑयली करते आयशा ने ब्रालेस होकर तस्वीरें क्लिक की हैं। आग लगातीं इन तस्वीरों ने जैसे ही इंस्टाग्राम पर एंट्री पर वो लोगों को पसंद आ रही हैं। उन्होने जालीदार ड्रेस पहनी थी जो कि बेहद छोटी और कुछ डोरियों में अटकी हुई थी। कहीं उन्होने बैठकर, लेटकर तो कहीं झुककर पोज दिए हैं। तस्वीरों को हसीना ने खुद साझा किया है और लिखा, हैल्लो फरवरी। इसके बाद लोगों के कमेंट्स हमेशा की तरह सामने आ रहे हैं। एक ने लिखा है, जो लोग उसके चेहरे पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे वो लाइक करें।

एक ने लिखा, इसको कहते हैं फिगर। एक ने लिखा, ये शर्मा सिस्टर्स हमेशा से मेरी फेवरिट हैं। एक ने लिखा, @आयशाशर्मा25 मुझे आशा है कि आपका दिन अद्भुत रहेगा आयशा। हालांकि आयशा की तरफ से किसी तरह का कोई रिएक्शन नहीं आया है। आयशा शर्मा बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा की छोटी बहन हैं। आयशा ने जॉन अब्राहम के साथ फिल्म सत्यमेव ज्यते से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म में आयशा ने जॉन के साथ कई बोल्ड और इंटीमेट सीन फिल्माए थे। आयशा और नेहा के पापा अजीत शर्मा बिहार राजनीति का बड़ा नाम है और कांग्रेस से विधायक हैं। इसके साथ ही आयशा अपनी बोल्डनेस और फिटनेस के लिए भी काफी मशहूर हैं। आयशा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन फैंस के साथ अपनी एक से बढ़कर एक हॉट और बोल्ड तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं।

# रात में क्यों बाल धोने से बचना चाहिए



रात को बाल धोने की आदत को लेकर अक्सर लोगों में भ्रांतियां और संशय रहता है। कुछ लोग मानते हैं कि रात को बाल धोना उनके लिए हानिकारक हो सकता है, जबकि दूसरों का मानना है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। रात में बाल धोने की आपकी भी आदत है तो एक्सपर्ट के अनुसार यह कई बीमारियों को दावत देते हैं। आइए जानते हैं रात में बाल धोना कैसे नुकसानदायक हो सकता है। जब हम बाल धोते हैं तो वे गीले हो जाते हैं। गीले बाल बहुत भारी होते हैं। अगर हम ऐसे गीले बालों को तकिए या बिस्तर पर टिकाकर सो जाएं, तो उन पर बहुत जोर पड़ता है। यह जोर बालों की जड़ों को कमजोर कर देता है।और बाल टूटने लगते हैं। नम और गीले बालों में फंगल इंफेक्शन होने की संभावना अधिक होती है, खासकर जब वे लंबे समय तक नम रहते हैं।ये कीटाणु और फंगस हमारे बालों को इंफेक्शन का शिकार बना सकते हैं। रात भर गीले बालों के संपर्क में रहने से त्वचा पर मुंहासे और अन्य समस्याएं हो सकती हैं। गीले बालों के साथ सोने से बालों की प्राकृतिक बनावट और शाइन प्रभावित हो सकती है। जब हम गीले बालों के साथ सो जाते हैं, तो बाल कई घंटों तक नमी में रहते हैं। बार-बार ऐसा करने से बाल खराब होने लगते हैं।

# गोधरा: एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसी का टीजर रिलीज



साल 2002 में गुजरात के गोधरा कांड ने पूरे देश को झकझोर के रख दिया। इस घटना की पृष्ठभूमि पर अब तक चांद बुझ गया, परजानिया, फिराक जैसी फिल्में और डाक्यूमेंट्री फिल्में बन चुकी है। इस घटना के 22 साल के बाद अब फिल्म एक्सीडेंट ऑर कॉन्सपिरेसी गोधरा का निर्माण हुआ है जिसका टीजर आज लांच हुआ है। आज भी दर्शकों को साल 2002 बहुत अच्छे से याद होगा। गुजरात के इस दुखद घटना के पीड़ितों की रियल कहानी बड़े पर्दे पर 1 मार्च 2024 को रिलीज होगी। फिल्म में रणबीर शौरी, पंकज जोशी जैसे प्रतिभाशाली कलाकार हैं। एक्सीडेंट ओर कॉन्सपिरेसी: गोधरा' न्याय के लिए पीड़ितों की लड़ाई की जर्नी को दिखाती है। फिल्म में रणवीर शौरी ने एक वकील का किरदार निभाया है, जो गोधरा ट्रेन अग्निकांड के पीड़ितों की तरफ से पूरी शिद्दत से लड़ते हुए दिखाई देते हैं। फिल्म को एमके शिवाक्ष ने डायरेक्ट किया है। बता दें कि फिल्म की कहानी साल 2002 की 27 फरवरी को गोधरा से अहमदाबाद जा रही साबरमति एक्सप्रेस ट्रेन में लगी आग में 59 लोगों की मौत हो गई थी। इस दर्दनाक घटना को गुजरात दंगों के नाम से भी जाना जाता है।

बता दें कि फिल्म का टीजर बहुत पहले ही आ गया था, लेकिन 'द केरल स्टोरी' के शोर के बीच इसकी ज्यादा चर्चा नहीं हो पाई थी। सोशल मीडिया पर फैंस टीजर की खूब सराहना कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, सच्ची घटनाओं पर फिल्म जरूर बननी चाहिए। दूसरे यूजर ने लिखा, इन दंगों को घटना का नाम देने की कोशिश की गई है। तीसरे यूजर ने लिखा, खुशी है कि बॉलीवुड अब इन घटनाओं पर फिल्म बना रहा है। लोगों को सारी बातें पता होनी चाहिए।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-

9303289950, 9827806026, 8962815243



Paul Sir

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.

रामा कोचिंग

135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स

आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां

उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है



मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई

9827938211, 9827171332

## खास खबर

### मुख्यमंत्री साय ने पुसौर धान खरीदी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज रायगढ़ जिले के प्रवास के दौरान पुसौर धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने धान बेचने आए किसानों से चर्चा की। वित्त मंत्री ओ पी चौधरी,प्रबल प्रताप सिंह जूदेव भी इस दौरान साथ रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धान बेचने आए किसानों से चर्चा की। उन्होंने पूछा धान बेचने में कोई तकलीफतो नही हो रही है। किसान पार्थिव केदार ने बताया कि हाल के कुछ दिनों में हुई बारिश के चलते धान नही बेच पाए थे। लेकिन आपके द्वारा खरीदी की तारीख बढ़ाने के फैसले से हमारी चिंता दूर हो गई। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसान हित में शनिवार और रविवार को छुट्टी के दिन भी खरीदी होगी। उन्होंने कहा कि किसानों को अंतर की राशि का जल्द भुगतान कर दिया जाएगा। धान के दो वर्ष का बकाया बोनस जारी करने को लेकर भी किसानों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह के लिए 12 तक आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग की अति महत्वाकांक्षी योजना है। जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत माह फरवरी 2024 को सम्पन्न कराया जाना है। योजना के अंतर्गत कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना लागू की गई है। योजना के तहत कन्या की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 से अधिक होनी चाहिए। कन्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली अथवा मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना अंतर्गत राशन कार्डधारी परिवार की सदस्य होनी चाहिए। वर व वधु का प्रथम विवाह होना चाहिए तभी वह योजना के लिए पात्र होगी। विवाह हेतु पात्रता रखने वाली वर,वधु या उनके परिवार के सदस्य नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,पर्यवेक्षक तथा विकासखण्ड के एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय से सम्पर्क कर निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त कर मांगे गए दस्तावेज के साथ 12 फरवरी 2024 तक पूर्ण रूप से भरकर आवेदन पत्र परियोजना कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### चिल्ड्रन इन स्ट्रीट सिचुएशन के बच्चों का चिन्हांकन के लिए चलाया गया विशेष अभियान

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन द्वारा जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर चिल्ड्रन इन स्ट्रीट सिचुएशन के बच्चों के चिन्हांकन के लिए विशेष अभियान 12 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक जिले के चिन्हांकित हॉटस्पॉट सूरजपुर, विश्रामपुर, प्रेमनगर, रामानुजनगर, भटगांव, भैयाथान, जरही एवं प्रतापपुर में अभियान चलाया गया। जो सडक पर रहते है और भिक्षावृत्ति का कार्य करते है, जिसके परिवार का सहयोग नहीं रहता है।

# कलेक्टर ने सीनियर सिटीजन्स के साथ बैठकर की चर्चा, पूछी उनकी समस्या

## जिला प्रशासन द्वारा वृद्धजनों के लिए किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

श्रीकंचपनपथ न्यूज

**रायपुर। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की पहल पर आज कलेक्टोरेट परिसर में सीनियर सिटीजन्स के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें वृद्धजनों का हेल्थ चैकअप किया गया। उनका शुगर, ब्लड प्रेशर तथा अन्य जांच किए गए। इसके बाद कलेक्टर ने वृद्धजनों के साथ बैठकर चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि वृद्धजनों के पास अनुभव का भण्डार होता है। हम उनके विभिन्न कार्यों में मार्गदर्शन प्राप्त कर अनुभव का लाभ ले सकते हैं।**



उन्होंने कहा कि सीनियर सिटीजन्स के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करें। जिनमें उनकी स्वास्थ्य की जांच की जाए यह भी ध्यान रखें कि जिला अस्पताल में उन्हें लंबी लाईन ना लगाना पड़े प्राथमिकता के आधार पर पंजीयन कर ईलाज करें। गांधी उद्यान ऑक्सजोन सहित शहर के अन्य उद्यानों में शौचालय और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। उद्यानों में स्थित बापू के कुटिया का सुव्यवस्थित संचालन की व्यवस्था की जाए सुबह और शाम निर्धारित अवधि में खोला जाए। यदि कोई संस्था संचालित करती है, तो उनसे शुल्क ना लिया जाए। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स की बैठक लेकर उनकी समस्याओं का समाधान करें। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिया कि उनके द्वारा बनाए गए एनजीओ को नियमानुसार विभागीय मान्यता प्रदान करें। साथ ही बुजुर्गों के लिए बनाए गए नेशनल पोर्टल में सीनियर सिटीजन्स का विवरण का एंट्री करें, जिससे उनका वरिष्ठ नागरिक प्रमाण पत्र जनरेट होगा। इससे, उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। वृद्धजनों की संस्था सीनियर सिटीजन्स वेलफेयर फोरम ने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह से कलेक्टोरेट परिसर में ही एक बड़ा कमरा आबंटित करने की व्यवस्था करने, फोरम के कार्यालय के लिए सरकारी खाली भूखण्ड आबंटित करने, नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, पुरूष महिला वरिष्ठ नागरिकों को वृद्ध पेंशन योजना इत्यादि मुद्दों पर आग्रह किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम बी.बी.पंचभाई सहित बड़ी संख्या में वृद्धजन उपस्थित थे।

# वन पट्टाधारी कृषक, पीएम किसान सम्मान निधि योजना का उठाएं लाभ

श्रीकंचपनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि केंद्र क्षेत्रीय (सेन्ट्रल सेक्टर) योजना 1 फरवरी 2019 से संचालित हैं। योजना का उद्देश्य कृषकों को न्यूनतम आय सहायता दिलाना है। जिसकी राशि तीन समान किश्तों में 2 हजार रूपए कुल 6 हजार रूपए प्रतिवर्ष कृषकों के बैंक खाते में अंतरित क्ठज् की जाती हैं। जिले के विकास खण्ड नारायणपुर में जिन कृषकों को वन अधिकार पट्टा अंतर्गत कृषि भूमि आंबटित की गई हैं, और जिन कृषकों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत पूर्व में पंजीयन नहीं हुआ हैं।

तथा उनके पास वन अधिकार पट्टा के तहत् कृषि भूमि का पट्टा प्राप्त हुआ हैं और कृषि कार्य कर रहें हैं। एसे किसान अपने ग्राम के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क कर एवं लोक सेवा केंद्र के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेंज आधार कार्ड, बैंक खाता का पास बुक, वनपट्टा का फोटो कापी सबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को उपलब्ध कराते हुए सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही पंजीयन के समय आधार से लिंक मोबाईल नंबर साथ लेकर जाना अनिवार्य होगा। उप संचालक कृषि, बी. एस. बघेल ने जिले के किसानों से कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों से सम्पर्क कर अपना पंजीयन कराकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया हैं।

शासन द्वारा वन पट्टाधारी कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से शत-प्रतिशत लाभांन्वित करने हेतु विशेष अभियान संचालित हैं। जिसकी शत-प्रतिशत अविलंब लक्ष्य पूर्ति करने के निर्देश हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए विकास खण्ड नारायणपुर क्षेत्र के किसान संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

# शासन के योजनाओं से जुड़ने सुदूर एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों के ग्रामीणों में दिखा गजब का उत्साह

श्रीकंचपनपथ न्यूज

**बीजापुर। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में बीजापुर के संवेदनशील एवं सुदूर क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर सभी ब्लॉकों में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण शासन की योजनाओं का लाभ लेने उत्साहपूर्वक पहुंचे।**

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने बीजापुर ब्लॉक के सुदूर क्षेत्र पुशनार एवं भोपालपटनम के पामगल शिविर में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या से अवगत होकर कहा कि यह शिविर आम शिविर नहीं है, यह विशेष शिविर है जिसमें ग्रामीणों की समस्या एवं मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसका निराकरण भी किया जाएगा और संबंधित हितग्राही को 15 दिवस के बाद अवगत भी कराया जाएगा।

पुशनार के ग्रामीणों से राशन की समस्या सुना जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि राशन लेने गंगालूर जाना पड़ता था तभी राशन से भरा ट्रैक्टर शिविर स्थल पहुंचा फिर कलेक्टर ने बताया कि अब राशन सुगमतापूर्वक उनके गांव एवं पंचायतों तक पहुंचेगी जिसे सुनकर ग्रामीण उत्साहित हुऐ। कलेक्टर ने पुशनार एवं पामगल के ग्रामीणों को संबोधित करते हुऐ कहा कि अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, राशन आप सभी का अधिकार है। आज केन्द्र और राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभार्थी बनकर आने वाली पीढ़ी का सुनहरा भविष्य गढ़ने का समय है। शासन की सैकड़ों योजनाएं है। जिसका लाभ उठाकर स्वयं का अपने परिवार और समाज का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है।

शिविर के माध्यम से प्रशासन का पूरा अमला अपने विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने ग्रामीणों के बीच पहुंचे जहां राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बी-1, खसरा, किसान किताब, फौती, नामांतरण, सुपोषण, सब्जी बीज, मिनी किट, जाल, वितरण सहित कृषि, क्रेडा, मत्स्य, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिम जाति, सहकारिता विभाग, कौशल विकास सहित सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों की जानकारी दी गई और योजनाओं से लाभान्वित करने हितग्राहियों का आवेदन भरा गया जिसमें समय-सीमा में निराकृत कर संबंधित आवेदकों को सूचित की जाएगी।

विकास की मुख्य धारा से जुड़ने के लिए लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने हेतु अपनी सहभागिता निभाई उक्त अवसर पर पुशनार एवं गंगालूर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बी पुष्पाराव विशेष रूप से उपस्थित होकर ग्रामीणों को योजनाओं से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

इसी तरह पामगल में भी जनप्रतिनिधियों जनपद अध्यक्ष श्रीमती निर्मला मरपल्ली, उपाध्यक्ष मिच्चा मुतैय्या ने अपनी सहभागिता दी। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी, जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल, जिला खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित हुऐ। जिला चिकित्सालय बेमेतरा में अब नाक कान गला रोग संबंधित मरीजों को मिल रही उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा नहीं जाना पड़ेगा ईलाज के लिए बाहर, यहां डॉ गौतम कुमार पासवान पीजीएमओ ईएनटी सर्जन पदस्थापना के बाद नाक कान गला रोग के संबंधित मरीजों का ईएनटी विभाग में ओपीडी की संख्या बढ़ी, डॉ गौतम अब तक 39 माईनर ऑपरेशन कर चुके है वही 1 फरवरी गुरुवार को बेमेतरा वार्ड 15 निवासी कमला को जो की कान से संबंधित परेशानी बताने पर डॉ गौतम ने उनका जांच कर बताया कि उनके कान के परदा में छेद है जो की ऑपरेशन से ठीक हो सकता है मरीज ऑपरेशन के लिए स्वीकृति दी फिर डॉ गौतम ने अपने टीम के साथ तैयारी कर मरीज के कान के परदा का दूरबीन पद्धति से आपरेशन कर इलाज किया।

इस प्रकार का दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन बेमेतरा जिला में पहला ऑपरेशन था जो की पूर्णत: सफल रहा। मरीज पूर्णत: स्वस्थ है ,मरीज के परिजन इस सुविधा से संतुष्टि जाहिर किया इस सफल ऑपरेशन के लिए जिला चिकित्सालय बेमेतरा के सिविल सर्जन डॉ संत राम चुरेंद्र ने कहा कि इस प्रकार सफल ऑपरेशन जिले के लिए उपलब्धि है और डॉ गौतम को अस्पताल के डॉक्टर अन्य स्टाफ ने बधाई दी।

# खाद्य मंत्री बघेल ने मूढ़ीपार मेले का किया शुभारंभ




श्रीकंचपनपथ न्यूज

**रायपुर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयाल दास बघेल आज बिलासपुर जिले के ग्राम मूढ़ीपार में सतनामी समाज द्वारा आयोजित दो दिवसीय मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बिल्हा विधायक श्री धरमलाल कौशिक और मुंगेली विधायक पुन्नू लाल मोहले एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

मंत्री बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरूघासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया है। इसके जरिए हम सब आपस में मिलजुल कर एक रहे। उन्होंने कहा कि किसानों को अब धान बेचने के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी नही होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 4 फरवरी तक धान बेचने के लिए तारीख बढ़ा दी है।

शनिवार और रविवार को भी किसान अपना धान आसानी से बेच सकेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशन कार्ड के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से जारी है। राशनकार्ड धारी हितग्राही खाद्य विभाग के नए मोबाईल एप्प के जरिए नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 फरवरी तक प्रस्तुत कर सकते है। ऐसे हितग्राही जिनके पास एंड्राईड मोबाईल नही है अथवा जहां मोबाईल कनेक्टिविटी नही हैं।

# अपने सपनों का घर पाने के लिये निगम में करें आवेदन

श्रीकंचपनपथ न्यूज

**कोरबा।** जिन लोगों के पास स्वयं का मकान नहीं है, उन्हें अपने सपनों का घर पाने का बेहतर अवसर प्राप्त हुआ हैं, नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 986 नवनिर्मित आवासगृहों (फ्लैट) का आबंटन पात्र लोगों को किया जाएगा, निगम ने इस हेतु 26 फरवरी तक मकान के इच्छुक लोगों से आवेदन मंगाए हैं। उक्त फ्लैट दादरखुर्द के समीप स्थित विशाल आवासीय कालोनी में भू-तल, प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल में स्थित है।



नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना '' मोर मकान-मोर आस '' अंतर्गत दादरखुर्द बस्ती के समीप 2784 आवासगृहों (फ्लैट) का निर्माण कराया गया है, 2784 आवासगृहों की उक्त विशाल आवासीय कालोनी में सड़क, नाली, पानी, बिजली सहित विविध मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं, इसके साथ ही कालोनी में उद्यान व सामुदायिक भवन जैसी सुविधाओं पर भी कार्य किया जाएगा। उक्त आवासीय कालोनी में पूर्व में 174 आवासगृह पात्र हितग्राहियों को आबंटित कर दिये गये थे, अब पुन: 986 आवासगृहों का आबंटन निगम करने जा रहा है, इस हेतु निगम द्वारा 26 फरवरी तक इच्छुक लोगों से आवेदन मंगाए गए हैं, मकान लेने के इच्छुक व्यक्ति सम्पूर्ण रूप से भरे हुए अपने आवेदन निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित पी.एम.ए.वाई. शाखा में जमा करा सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त करने हेतु संबंधित व्यक्ति को 100 रूपये का शुल्क निगम कोष जमा करना होगा तथा साकेत भवन के द्वितीय तल स्थित कक्ष क्रमांक 322 से आवेदन पत्र करना होगा।

**सवा 03 लाख रूपये में मिलेगा वन बी.एच.के. फ्लैट** - उक्त आवासीय कालोनी में केवल 3 लाख 25 हजार रूपये में वन बी.एच.के. फ्लैट जिसका कारपेट एरिया 327.64 वर्गफिट है, लोगों को प्राप्त होगा, उक्त राशि आसान मासिक किश्तों में चुकाई जा सकती है, जिन फ्लैटों का आबंटन अभी किया जा रहा है, उनमें भू-तल में 170 फ्लैट, प्रथम तल में 272 फ्लैट, द्वितीय तल में 272 फ्लैट तथा तृतीय तल में 272 फ्लैट स्थित है। इन आवासगृहों को प्राप्त करने के लिये कुछ शर्तें पूरी करना जरूरी होगा, जिसके अंतर्गत व्यक्ति को 31 अगस्त 2015 से पूर्व निगम क्षेत्र में निवासरत होना चाहिए, पूरे परिवार की वार्षिक आय 03 लाख रूपये से कम होनी चाहिए तथा देश में किसी भी स्थान पर उसका पक्का मकान न हो, इस संबंध में हितग्राही शपथ पत्र देगा। इसी प्रकार आवेदक को प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। इन शर्तो का पालन प्राथमिकता क आधार पर किया जाएगा, किन्तु शर्तो के पालन के उपरांत भी यदि पात्र हितग्राहियों की संख्या विज्ञापित आवासगृहों से कम पाई जाती है, तो शेष आवासों का आबंटन भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-सबके लिये आवास मिशन (शहरी) हेतु जारी दिशा निर्देश के अनुसार पात्र हितग्राहियों को किया जाएगा। उक्त आवासीय कालोनी में फ्लैट लेने के इच्छुक व्यक्तियों द्वारा अपने आवेदन निगम में जमा कराये जाने तथा इस हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात आवेदनों का परीक्षण किया जाएगा एवं पात्र व अपात्र आवेदकों की सूची कार्यालय के सूचना पटल में 04 मार्च को प्रदर्शित किये जाने के पश्चात 11 मार्च 2024 को लाटरी के माध्यम से आवासगृहों का आबंटन किया जाएगा।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पालक सम्मेलन का किया गया आयोजन

श्रीकंचपनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के आदेशानुसार छात्रों के उन्मुखीकरण तथा पालकों को विद्यालय से जोड़कर जन भागीदारी से विद्यालय का बेहतर विकास करने के साथ-साथ छात्रों में औसत बुद्धिलब्धता को प्राप्त करने के लिए 1 फरवरी को पालक सम्मेलन के साथ ही बाल मेला का भैयाथान विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बतरा में स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया गया।

इस सम्मेलन में संकुल के 25 विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ ही उनके पालकों ने भी भाग लिया। उक्त सम्मेलन राम ललित पटेल जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के निर्देशानुसार शशिकांत सिंह जिला मिशन समन्वयक के तथा रविंद्र सिंह देव सहायक संचालक सूरजपुर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सुलोचनी पैंकरा अध्यक्ष जनपद पंचायत भैयाथान में अपने वक्तव्य में कहा कि पालक संघ सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पालक, अपने बच्चों की पढ़ाई में आने वाली समस्या और सुझाव को इस सम्मेलन के माध्यम से शिक्षकों तक पहुंचाएं तथा पालकों को चाहिए कि शासन द्वारा प्रदत्त सुविधा का लाभ उनके बच्चे पूर्णत रूप ले सकें इस हेतु अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें साथ ही स्कूल से आने के बाद उनके प्रतिदिन की प्रगति की जांच करें कि उनके बच्चों ने क्या पढ़ाई की तथा उन्हें स्कूल के द्वारा क्या गृह कार्य प्रदान किया गया। इसके अलावा जब भी आप पालकों को विद्यालय बुलाया जाए तो आप आवश्यक रूप से विद्यालय जाएं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा श्री मनीजर पैंकरा द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बतरा के छात्रों के मध्याह्न भोजन के उचित क्रियान्वयन के लिए 300 थाली भेंट की गयी। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर ने कहा कि पालक संघ सम्मेलन बच्चों की पढ़ाई में सेतु के समान कार्य करती है ,बच्चों के प्रति जितनी जवाबदारी शिक्षक की है उतनी ही पालकों की भी है। आप अपने बच्चों को आवश्यक होने पर ही मोबाइल देवें लेकिन साथ ही उन पर निगरानी भी रखें ताकि वह किसी भी सुख सुविधा का दुरुपयोग ना कर सकें। उन्होंने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों के धाराप्रवाह अंग्रेज़ी बोलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि उचित साधन - संसाधन तथा बेहतर वातावरण छात्रों को प्रदान किया जाए तो ग्रामीण स्तर के छात्र भी प्रोन्नति कर सकते हैं। इस सम्मेलन में विद्यालय के छात्रों ने स्वागत नृत्य, देशभक्ति नृत्य, छत्तीसगढ़ी नृत्य , सुआ नृत्य, लोक गीत की आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनमोह लिया।

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# सौतेले पिता व मां ने पीट-पीटकर ले ली मासूम की जान, अक्सर करते थे बच्चे से मारपीट, आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के कुम्हारी थाने में 4 साल के मासूम की हत्या का मामला सामने आया है। मासूम की हत्या का कारण मां व सौतेले पिता द्वारा की गई मारपीट है। दरअसल सोतेला पिता मासूम को बीते दो तीन माह से पिटाई कर रहा था। बात बात पर मासूम की पिटाई करना आम बात हो गई थी। 31 जनवरी को भी उसके सौतेले पिता ने उसकी पिटाई की और इसमें मासूम की मां भी साथ थी। 1 फरवरी को बच्चे की मौत हो गई। इस मामले में मोहल्ले के निवासी हरिनाथ यादव की शिकायत पर कुम्हारी पुलिस ने मासूम के सौतेले पिता मनप्रीत सिंह व उसकी मां गायत्री साहू खिलाफ धारा 201, 302 व 34 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।




इस संबंध में शिकायत कर्ता ने बताया कि उनके मोहल्ले में मनप्रीत सिंह नाम का युवक गायत्री साहू को अपनी पत्नि बनाकर लाया था और यहां स्टेशन चौक पर सन्नी सरदार के मकान में किराए से रहता था। गायत्री साहू की यह दूसरी शादी थी और पहले पति से उसके दो बच्चे जगदीप सिंह (4) व अर्पिता कौर (8) हैं। मनप्रीत सिंह और उसकी पत्नि गायत्री साहू के बीच अक्सर विवाद होता था और बाद में मिल जाते थे। यही नहीं मनप्रीत अपने सौतेले बेटे जगदीप से अक्सर मारपीट करता रहता था।

### मोहल्ले वालों ने बचाई थी जान

शिकायत कर्ता ने बताया कि एक बार मनप्रीत ने जगदीप के गले में रस्सी बांधकर हव में लटका दिया था। मोहल्ले वालों ने देखा तो छोड़कर भाग गया। इसके बाद बच्चे के गले से रस्सी को निकाल कर उसे अस्पताल ले जाया गया। इस घटना के कुछ दिन पर मनप्रीत ने बच्चे की बेदम पिटाई की थी जिससे उसका ओंट फट गया था। लगातार इनकी हरकतों को लेकर शिकायत करने पर सन्नी सरदार ने इनसे मकान खाली करवा लिया।

### दो दिन पहले फिर से की थी पिटाई

इसके बाद दोनों अपने बच्चों के साथ शंकर नगर में किराए का मकान लेकर रह रहे थे। शिकायत कर्ता ने बताया कि 31 जनवरी की शाम करीबन 6 बजे वह अजय मोंगराज के साथ शंकर नगर निजी काम से गया था। तब उसने देखा कि मनप्रीत सिंह और उसकी पत्नि गायत्री साहू अपने बच्चे जगदीप सिंह को बुरी तरह से मार रहे थे। मनप्रीत सिंह हाथ व लात से बच्चे को मार रहा था। तब बीच बचाव किए और समझाइश देकर चले गए। इसके बाद दूसरे दिन 1 फरवरी की रात को पता चला कि 4 साल के बच्चे जगदीप की मौत हो गई।

### दोनों आरोपी गिरफ्तार, पूछताछ जारी

कुम्हारी थाना प्रभारी ने बताया कि सौतेले पिता व सगी मां बच्चे से मारपीट करते थे। 1 फरवरी को भी दोनों ने बच्चे के साथ मारपीट की जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपियों ने मामला छिपाने का प्रयास किया। शिकायत मिलने पर हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया। शनिवार को आरोपी मनप्रीत सिंह व उसकी पत्नी गायत्री साहू को हिरासत में ले लिया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## खास खबर



### खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाईः नियम-कायदों के उल्लंघन पर 4 खदान सील, 6 हाइवा जब्त

**रायपुर।** खनिज एवं राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक साथ कई खदानों पर दबिश दी। टीम द्वारा बिलासपुर जिले के मस्तूरी स्थित निम्न श्रेणी चूना पत्थर की कुल 4 खदानों का निरीक्षण किया गया। खनिज विभाग द्वारा बिल्हा विकासखण्ड के लच्छनपुर तथा पेण्डरवा स्थित खनिज रेत के 4 स्थलों पर रेत का अवैध भण्डारण मात्रा 150 घन मीटर जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। इसी क्रम में राज्य स्तरीय खनिज उड़नदस्ता दलों द्वारा भी बिलासपुर जिले की विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर खनिजों के अवैध परिवहन करते हुए कुल छह हाईवा वाहनों को जब्त किया गया। उनके विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर जिले की विभिन्न थानों की अभिरक्षा में वाहनों को रखा गया है।

टीम द्वारा मेसर्स जीएस मिनरल्स, प्रो संजय पवार ग्राम कोसमडीह मस्तूरी, दौलतराम बिधानी ग्राम मस्तूरी, मेसर्स बिलासादाई मिनरल्स, प्रो. संजय छापरिया ग्राम मस्तूरी, मेसर्स कन्हैया मिनरल्स प्रो. प्रकाश चनानी ग्राम मोहतरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम के द्वारा इन चारों खदान मालिकों से पर्यावरण स्वीकृति तथा आवक-जावक से संबंधित पंजी तथा अन्य जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया। किन्तु उनके द्वारा इस संबंध में किसी भी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये, जिसके कारण इन चारों खदानों को आगामी आदेश तक के लिए सील कर दिया गया है।

### गांजा तस्करों पर कसा पुलिस का शिकंजाः 1 क्विंटल गांजा के साथ 5 गिरफ्तार



**रायपुर (ए)।** गांजा तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए रायपुर पुलिस की एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल ने 2 अलग-अलग मामलों में ओडिशा-एमपी के 4 अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों सहित कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 3 कार से 1 क्विंटल से ज्यादा गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा की कीमत लगभग 50 लाख रुपए है। आरोपियों के विरूद्ध थाना मुजगहन व मंदिर हसौद में नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना मुजगहन की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 2 चारपहिया वाहन में गांजा तस्करी करते 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से लगभग 45.500 किलोग्राम गांजा एवं गांजा तस्करी में प्रयुक्त 2 कार अल्ट्रोज क्रमांक सी जी/27/एम/4986 एवं वेन्यू क्रमांक सी जी/17/के यू/8864 जप्त किया गया है। आरोपियों द्वारा उडीसा से गांजा परिवहन करके रायपुर में बिक्री करने के उद्देश्य से लाया गया था। गिरफ्तार आरोपियों में 01 आरोपी उडीसा, 01 आरोपी रींवा (म.प्र.) तथा 01 आरोपी कोण्डागांव का निवासी है। आरोपियों से अग्रिम पूछताछ की जा रहीं है एवं इनके विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत थाना मुजगहन में कार्यवाही की जा रहीं है। इसी प्रकार प्राप्त सूचना के आधार पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना मंदिर हसौद की संयुक्त टीम द्वारा मंदिर हसौद थाना क्षेत्रांतर्गत छतौना चौक पास घेराबंदी कर एक सेन्ट्रो कार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें लगभग 70 किलोग्राम गांजा का परिवहन करते पाया गया। कार में सवार 2 आरोपी जो उडीसा के निवासी है को गिरफ्तार किया गया है। मामले में 70 किलोग्राम गांजा एवं गांजा तस्करी में प्रयुक्त 1 सेंट्रो कार क्रमांक सी जी/04/एच/5509 जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रहीं है।

# पंजाब से हेरोइन लेकर भिलाई बेचने आए दो तस्कर, खरीदार के साथ पुलिस ने दबोचा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट व थाना भिलाई भट्ठी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सेक्टर-1 से पंजाब से आए हेरोइन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने भिलाई के एक युवक को भी गिरफ्तार कयिा है जो इनसे हेरोइन लेने पहुंचा था। दोनों तस्कर पंजाब के फिरोजपुर से हेरोइन लेकर पहुंचे थे। इनके पास से पुलिस ने 12.89 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) जब्त किया जिसकी बाजार में कीमत 75,000 रुपए है। साथ ही पुलिस ने इनके पास से इलेक्ट्रानिक तराजू भी जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 21(क), 27(क) एनडीपीएस एक्ट के तहत के कार्रवाई की गई है।



बता दें दुर्ग पुलिस द्वारा एसपी रामगोपाल गर्ग के निर्देश पर नशे के सौदागरों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में भट्ठी पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि पंजाब के फिरोजपुर निवासी सोनू सिंह एवं मनदीप सिंह मादक पदार्थ चिट्टा (हेरोइन) लेकर पहुंचे हैं। हेरोइन को लोकल सप्लाई के लिए श्रमिक नगर छावनी निवासी विक्की सोनी लेने के लिए बचत स्तंभ सेक्टर 01 के पास आने वाला है।

सूचना मिलने के बाद पुलिस च एसीसीयू की संयुक्त टीम ने घेराबंदी की। जैसे ही बतत स्तंभ के पास पंजाब निवासी सोनू सिंह, मनदीप सिंह तथा विक्की सोनी जमा हुए पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। इनकी तलाशी 12.89 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन व इलेक्ट्रानिक तौल मशीन मिली। इस पूरी कार्रवाई में एसीसीयू से एएसआई शमित मिश्रा, प्रधान आरक्षक सगीर खान, चन्द्रशेखर बंजीर, आरक्षक अरविन्द मिश्रा, राकेश चौधरी, राकेश अन्ना, गुनित कुमार, भावेश पटेल, अजय गहलोत थाना भिलाई भट्ठी से आरक्षक शैलेष यादव, अंकित सिंह व जी.जगमोहन की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## पान दुकानों, चाय ठेला सेंटरों सहित 40 स्थानों में हुई चलानी कार्यवाही



**कवर्धा (ए)।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत आज कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एल.राज के मार्गदर्शन में कोटपा 2003 के नियमो के पालन के लिए कवर्धा शहरी क्षेत्र में स्थित पान दुकानों, ठेलो व लोहारा रोड में संचालित अमृततुल्य चाय सेंटर आदि में धारा 4 व 6 के तहत कुल 40 चालान काटे गए एवं कार्यवाही की गई।

डीपीएम सृष्टि शर्मा ने बताय कि नियमो का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थान में धूम्रपान करने वालां के विरुद्ध, अमृततुल्य में चालानी कार्यवाही की गई। चलानी कार्यवाही के दौरान तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया, साथ ही कोटपा नियमो का पालन करने के लिए समझाईश दी गई। इस दौरान कोटपा 2003 धारा लिखित पॉम्पलेट्स प्रदान किया गया। दल का प्रतिनिधित्व जिला नोडल अधिकारी डॉ रोशनी पटेल और औषधि निरीक्षक जितेन्द्र पाटीदार के द्वारा किया गया। दल के सदस्य के रूप में पुलिस विभाग, श्रम विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के सदस्य शामिल थे।

## बालोद में दो मासूमों के साथ फांसी पर झूली मां, जांच में जुटी पुलिस



**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां के गुरुर थाना क्षेत्र में एक मां ने अपने दो बच्चों के साथ फांसी पर झूल गई हैं। घटना के वक्त बच्चों के साथ महिला अकेली थी, वहीं उसका पति काम के सिलसिले में बाहर गया था। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जा रहा है कि घटना के समय महिला घर पर अकेली थी।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुर थाना क्षेत्र के कोचेरा गांव निवासी तुमेश्वर साहू की पत्नी हेमलता ने अपने 2 व 4 साल के बच्चों के साथ फांसी पर झूल गई। दो वर्ष की उसकी बेटी आंगनवाड़ी में पढ़ती थी और उसका चार वर्ष का बेटा गुरुर के निजी विद्यालय में पढ़ता था। घटना के समय हेमलता का पति अपने काम से गया था और उसकी सास की तबीयत खराब होने के कारण ससुर उसे लेकर अस्पताल गया हुआ था। घर पर महिला अकेली थी और उसने यह कदम उठाया। दोपहर बाद जब तुमेश्वर अपने घर पहुंचा दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद वह दीवार कूदकर अपने घर पहुंचा तो अपने पत्नी और बच्चों को फंदे पर लटका हुआ देखा। वह परेशान हो गया और आसपास के लोगों और पुलिस को इस घटना की सूचना दी। यह हत्या है या फिर आत्महत्या या फिर कोई और कारण यह तो पुलिस की जांच के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल लोगों की जुबान पर यह सवाल है कि यदि यह आत्महत्या है तो मां ने ऐसा कदम क्यों उठाया अपने मासूम बच्चों के साथ खुद की जिंदगी भी तबाह कर डाली। वहीं, यदि यह कोई साजिश और हत्या है तो इसकी गंभीरता से जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

# बहु पर ससुर की बिगड़ी नीयत, विवाद हुआ और बेटे ने कर दी पिता की हत्या

### सरगुजा के धौलपुर थाना का मामला, चंद घंटों में आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** हत्या के मामले में सरगुजा पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी को चंद घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया गया। थाना धौरपुर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल डंडा बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक ससुर बहु पर बुरी नियत रखने से पिता-पुत्र में आपसी वाद-विवाद होने पर आरोपी पुत्र ने पिता की हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि एक फरवरी को दोपहर में प्रार्थिया का पति शिवचंद कोरवा पास में ही घूमने गया था। प्रार्थिया का ससुर भदवा कोरवा भी बाहर तरफ घूमने गया हुआ था। इसी बीच प्रार्थिया का ससुर घर वापस आकर उस पर बुरी नियत से बातचीत करने लगा। तभी प्रार्थिया का पति शिवचंद कोरवा भी वहां पहुंच गया।

ससुर से हुई बातचीत को पत्नी ने पति को बताया। जिसके बाद पिता और पुत्र के बीच विवाद हो गया। शिवचंद कोरवा ने गुस्से में आकर पिता भदवा कोरवा को डंडे और लात से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे भदवा कोरवा की मौके पर ही मौत हो गई। रिपोर्ट पर थाना धौरपुर में आरोपी के



विरुद्ध धारा 302 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले पर संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक सरगुजा सुनील शर्मा के निर्देशन में तत्काल आरोपी का पता तलाश कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुपलेश कुमार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राजेंद्र मंडावी के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी का पता तलाश किया।

विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने मामले के आरोपी की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ की। आरोपी द्वारा अपना नाम शिवचंद कोरवा आत्मज स्व. भदवा कोरवा उम्र 35 वर्ष निवासी सपड़ा कटोरीपानी थाना धौरपुर का बताया। आरोपी से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ की तो पता चला कि पत्नी पर बुरी नियत रखने के कारण वाद-विवाद होने पर आवेश में आकर डंडा और लात से मारपीट हो गई। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल लिया है। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक रामधनी राम, सहायक उप निरीक्षक देवनारायण यादव, प्रधान आरक्षक जगसाय मरकाम, आरक्षक सयनाथ लकड़ा, मुनेश्वर पन्ना शामिल रहे।

## रवि भवन से मोटरसाइकिल चुराने वाला चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर की गोलबाजार थाना पुलिस ने शातिर मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी रविकांत नंदा के कब्जे से दो मोटरसाइकिल बरामद कर जब्त की गई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी रविकांत नंदा ने 27 जनवरी को रवि भवन स्थित नानकानी ब्रदर्स मोबाइल दुकान के सामने से एक मोटरसाइकिल पार कर दी थी। इसके अलावा 1 फरवरी को रवि भवन स्थित सूर्या मोबाईल दुकान के सामने से दूसरी मोटरसाइकिल पार कर दी। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर पतासाजी शुरू की। 2 दरवारी को मुखबिर सूचना मिला कि एक व्यक्ति डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल रायपुर के पास में मोटरसाइकिल बेचने हेतु ग्राहक तलाश रहा है कि सूचना तस्दीक पर आरोपी रविकांत नंदा पिता रामप्रसाद चौहान उम्र 20 साल पता ग्राम भवरपुर थाना बराना जिला महासमुन्द को घेराबंदी कर पकड़कर उक्त दो मोटरसाइकिल 01. सीडी डिलक्स CG-04-MU-5146 कीमती 20000/- रुपये, 02. हीरो स्पलेंडर प्रो CG-04-KE-1543 कीमती 20000/- रुपये जुमला कीमती 40000/- रुपये की बरामदगी कर कार्रवाई की गई।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल में संस्था परिवर्तन एवं कोर्स परिवर्तन के लिए विद्यार्थी 6 तक महाविद्यालय में दे जानकारी

**दुर्ग।** जिले में संचालित मान्यता प्राप्त समस्त शासकीय, अशासकीय विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक, आई.टी.आई. में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग में अध्ययनरत विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल में संस्था परिवर्तन एवं कोर्स परिवर्तन कराना चाहते हैं, वे विद्यार्थी अपने महाविद्यालय में 6 फरवरी 2024 तक जानकारी देना होगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय द्वारा उक्त विद्यार्थी की जानकारी सहायक आयुक्त आदिवासी कार्यालय दुर्ग में उपलब्ध कराएंगे, ताकि जानकारी आयुक्त कार्यालय को प्रेषित किया जा सके।

### गोस्वामी ब्राह्मण समाज के विपिन गिरी और भूमिहार समाज से रमेश सिंह विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

**भिलाई।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने गोस्वामी ब्राह्मण समाज के सक्रिय विपिन कुमार गिरी एवं भूमिहार समाज के युवा नेतृत्व रमेश सिंह को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। गोस्वामी ब्राह्मण समाज तथा भूमिहार समाज के सामाजिक और विकासात्मक प्रगति के लिए विपिन और रमेश को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। श्री गिरी और श्री सिंह को समाज की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए केंद्र व राज्य सरकार की विकासपरक योजनाओं को सामाजिक बंधुओं तक ?पहुंचाने तथा भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति अनुरूप शासकीय योजनाओं को सामाजिक लोगों तक पहुंचाने अहम भूमिका अदा करने के निर्देश विधायक रिकेश सेन ने दिए हैं।

### राशि निर्धारित समय अवधि में जमा नहीं होने पर कि जायेगी कुर्की की कार्यवाही

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत बकायादारों से टैक्स वसूली के लिए आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा टीम का गठन किया गया है। निगम क्षेत्र में 234 करदाताओं में कई ऐसे करदाता शामिल है। जिन्होंने कई वर्षों से टैक्स भुगतान नही किया है। आज राजस्व विभाग नगर निगम द्वारा ऐसे बड़े बकायादारों जो कि वर्षों से टैक्स जमा नही कर रहे है ऐसे 234 लोगो को डिमांड नोटिस जारी कर 15 दिन के समयावधि का बिल दिया गया था उनके द्वारा बकाया टैक्स की राशि जमा नहीं करने पर 1 माह का डिमांड नोटिस जारी किया गया है।डिमांड नोटिस जारी होते ही 23 करदाताओं ने निगम पहुँचकर अपना टैक्स की राशि कुल 10,70,196 रूपये जमा किया। शेष बचे 211 करदाताओं को 3 दिन समय का अंतिम सूचना दिया जा रहा हैं कि वे अपना समय पर टैक्स की राशि जमा कर दे नही तो कार्रवाही करेगी। नोटिस मिलने के बाद टैक्स जमा नहीं किये जाने पर अधिनियतम की धारा 175 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए वारंटी अभ्यार्थी के संपत्ति का अधिग्रहण तथा विक्रय या उसकी अचल संपत्ति की कुर्की कर बकाया टैक्स को वसूल किया जाएगा।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने समस्त बकाया करदाताओं से टैक्स का जल्द से जल्द भुगतान करने निवेदन किया है।

# विधायक रिकेश सेन ने सड़क पर बाइक सवारों को पहनाया हेलमेट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने शुक्रवार को सड़क पर उतरकर बाइक सवारों को हेलमेट पहनाया। यातायात विभाग के साथ मिलकर उन्होंने चंद्रा मौर्या चौक पर जागरुकता अभियान चलाया और लोगों से यह अपील की है कि बिना हेलमेट के वाहन न चलाए। इस दौरान विधायक रिकेश सेन ने कई बाइक सवारों को नि:शुल्क हेलमेट भी बांटा। इस दौरान यातायात डीएसपी सतीश ठाकुर भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।**



कोरोना काल से भी अधिक मौतें सड़क हादसों की वजह से होने की बात कहते हुए वैशाली नगर विधायक आज भिलाई की सड़कों पर उतर कर नि:शुल्क हेलमेट बांटते दिखाई पड़े।

उन्होंने कहा कि सड़कों पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं में हो रही मौतों से लोगों और समाज को निजात दिलाने राज्य सरकार द्वारा 1 फरवरी से हेलमेट अवश्य लगाओ अभियान की शुरुआत की गई है जिसके लिए दुर्ग जिले में कुल 11 पॉइंट बनाए गए हैं।आज भिलाई के चंद्रा मौर्या चौक और सुपेला चौक पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया।

### रिकेश सेन ने खुद बांटे हेलमेट

अभियान के दौरान विधायक रिकेश सेन स्वयं सड़कों पर लोगों को हेलमेट के प्रति जागरुक करते नजर आए और जिन लोगों ने हेलमेट नहीं पहना था, उन वाहन चालकों को हेलमेट पहनाकर उन्हें हेलमेट लगाने की समझाइश दी वहीं दूसरी तरफ पहले से हेलमेट लगाकर वाहन चलाते हुए लोगों का गुलदस्ता देकर उन्होंने उत्साहवर्धन भी किया। कई लोगों के चालान काटने की प्रक्रिया भी इस अभियान के दौरान की गई, ऐसे वाहन चालक जो बगैर नंबर, बेढंगी नंबर प्लेट, तीन सवारी दो पहिया वाहन पर चल रहे थे उनका चालान किया गया। मौके पर डीएसपी सतीश ठाकुर दल बल के साथ मौजूद रहे। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि आज लगभग 100 हेलमेट उन्होंने बांटे हैं और एक हजार नि:शुल्क हेलमेट बांटने उन्होंने पहल शुरू की है ताकि भिलाई के लोग हेलमेट के प्रति जागरूक हों।

### 365 वाहन चालकों का कटा चालान

नेशलन हाईवे एवं सेन्ट्रल एवेन्यू मार्ग पर शुक्रवार को 11 चेकिंग पाइंट बनाये गये। जिसमें यातायात के अधिकारी एवं थाना के बल के द्वारा बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट वाहन चालन करने वाले कुल 365 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई के साथ-साथ हेलमेट के प्रति लोगों को जागरूक करने बाफ्ना टोल प्लाजा से ग्रीन चौक दुर्ग शहर के अंदर हेलमेट रैली का भी आयोजन किया गया।

## चंदूलाल चंद्राकर के आंदोलन बदौलत छत्तीसगढ़ राज्य बना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने छत्तीसगढ राज्य के प्रेरणास्त्रोत चंदूलाल चंद्राकर के 29वीं पुण्यतिथि के अवसर पर चंदूलाल चंद्राकर चैक सूपेला एवं श्रमशक्ति सदन सेक्टर-6 ऑफिस के मैदान में चंदूलाल चंद्राकर की स्थापित प्रतिमा में बदरूदीन कुरैशी और चंद्राकर समाज के पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता ने माल्यअर्पण कर मौन श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताये हुए मार्गों में चलने का संकल्प लिया।

कुरैशी ने अपने उदबोधन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 1993 मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी छत्तीसगढ़ के विधायकों के क्षेत्रों में निरन्तर उपेक्षा की शिकायत मिलने पर काफी दुखी रहते थे और उनहोंने निर्णय लिया कि जब तक छत्तीसगढ़ राज्य नहीं बनेगा तब तक छत्तीसगढ़ की उपेक्षा होती रहेगी इसलिए सन् 1993 में ब्लाक जिला स्तर की बैठक बुलवाकर छत्तीसगढ़ राज्य बनाने का संकल्प लिया और 5 अक्टूबर 1993 को छत्तीसगढ बंद का अवाहन किया इस अवाहन में संपूण छत्तीसगढ बंद रहा किसी प्रकार की कोई घटना-दुर्घटना नहीं हुई। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह जी थे उन्होंने सन् 1993 कांग्रेस के चुनावी घोषण पत्र में शामिल किया जैसे ही मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी वैसे ही मध्यप्रदेश के विधानसभा में छत्तीसगढ़ राज्य बनाने का संकल्प सर्वसमति से पारित हुआ यह चंदूलाल चंद्राकर जी की बहुत बड़ी देन थी जिनके बदौलत छत्तीसगढ राज्य बना।

कार्यक्रम में मोहन गुप्ता, आर.एस. शर्मा, अरूण सिंह, शिव चंद्राकर, कुलेशवर चंद्राकर, भुवनेश्वर चंद्राकर, दिलिप चंद्राकर, कुलेशवर चंद्राकर, पवन चंद्राकर, गजेन्द्र चंद्राकर, हरी प्रसाद साहू, आर चंद्राकर आदि है।

## यूनिवर्सल रेल मिल ने लगातार दूसरे महीने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स यूनिट, यूनिवर्सल रेल मिल, जो दुनिया की सबसे लंबी 130 मीटर रेल को सिंगल पीस में रोल करती है और भारतीय रेलवे को 260 मीटर लंबे वेल्डेड रेल पैनल की आपूर्ति करती है, ने लगातार दूसरे महीने जनवरी 2024 में वांछित आर 260 ग्रेड के 60ई1 प्रोफाइल में प्राइम रेल उत्पादन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन दर्ज किया है। दिसंबर 2023 में दर्ज 82,041 टन प्राइम रेल उत्पादन के रिकॉर्ड को पार कर मिल ने जनवरी 2024 में 82,439 टन प्राइम रेल उत्पादन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया है। मिल ने जनवरी 2024 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 86,714 टन फिनिष्ड रेल का उत्पादन दर्ज किया है, जो दिसंबर 2023 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 85,804 टन फिनिष्ड रेल उत्पादन रिकॉर्ड से अधिक है। यूआरएम ने जनवरी 2024 में 130 मीटर लंबे 5184 रेल पैनलों को 260 मीटर लंबे वेल्डेड रेल पैनलों में वेल्ड कर, दिसंबर 2023 में दर्ज 5179 वेल्डेड पैनलों के पिछले सर्वश्रेष्ठ मासिक रिकॉर्ड को पार किया। इसी के साथ ही मिल ने कॉबल रिडक्शन में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। यूआरएम की स्थापना के बाद से दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 में सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन रिसर्च एंड कंट्रोल लेबोरेटरी, यूआरएम बिरादरी के सामूहिक प्रयासों से संभव हुआ।

# संयंत्र के कार्यपालक निदेशक ने नेहरू आर्ट गैलरी में सुरक्षा प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 द्वारा आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के चयनित पोस्टर्स एवं सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी का आयोजन, जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी में, 01 से 03 फरवरी 2024 तक किया गया है।

इस तीन दिवसीय सुरक्षा प्रदर्शनी का उद्घाटन, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने 01 फरवरी 2024 को संध्या 6 बजे दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक द पवन कुमार ने आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार व्यक्त करते हुए लिखा, 'सुरक्षा उपकरणों का बहुत ही अच्छा प्रदर्षन किया गया है। मुझे लगता



है यह प्रदर्शनी कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति सजगता और जागरूकता बढ़ाने में काफी मददगार साबित होगा।' उन्होंने सुरक्षा प्रदर्शनी के उद्देष्य और इस आयोजन के लिए आयोजको की खूब सराहना की।


इस अवसर पर संयंत्र के महाप्रबंधक ए बी श्रीनिवास, महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस, महाप्रबंधक यतेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक (एसएमएस-3) त्रिभुवन बैठा, महाप्रबंधक (एसएमएस-3) डी विजिथ सहित महाप्रबंधक (सीओ एंड सीसीडी) बी सी मंडल, महाप्रबंधक (संपर्क, प्रषासन एवं जनसंपर्क) जेकब कुरियन, महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रषान्त तिवारी तथा उप प्रबंधक (कार्मिक) सुश्री शालिनी चैरसिया, कनिष्ठ अधिकारी (कार्मिक) डॉ उपेन्द्र कुमार शर्मा एवं एसएमएस-3 विभाग के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस सुरक्षा प्रदर्शनी में पोस्टर प्रतियोगिता के चयनित पोस्टर्स को प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही प्रदर्शनी में संयंत्र में उपयोग होने वाले विभिन्न सुरक्षा उपकरणों का भी यहां प्रदर्शन किया गया है। संयंत्र में दुर्घटनारहित उत्पादन के लिए प्रयास तथा जीवन में सुरक्षा को आत्मसात करने के विचारों को पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी आम जनता के लिए 01 से 03 फरवरी 2024 तक प्रतिदिन संध्या 5 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक खुली रहेगी।

# एसएमएस-3 बिलेट कास्टर ने बनाया नया रिकॉर्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स यूनिट, स्टील मेल्टिंग शॉप-3, जो क्रूड स्टील का उत्पादन कर बार एंड रॉड मिल, मर्चेंट मिल और वायर रॉड मिल को कास्ट बिलेट तथा यूनिवर्सल रेल मिल को कास्ट ब्लूम्स की आपूर्ति करती है, ने अपने बिलेट कास्टरों से सबसे लंबे कास्टिंग अनुक्रम का एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

एसएमएस-3 ने अपने दो बिलेट कास्टरों सीके-1 और सीके-2 से लगातार 9 दिनों तक कास्टिंग कर नया रिकॉर्ड बनाया है। कास्टिंग 22 जनवरी 2024 से प्रारंभ होकर 31 जनवरी 2024 की सुबह समाप्त हुई। इस अवधि के दौरान दोनों कास्टर में सात 'फ्लाइंग टंडिश' का प्रयोग कास्टिंग के लिए किया गया था।



उल्लेखनीय है कि बिलेट कास्टर के लिए फ्लाइंग टंडिश प्रैक्टिस को एसएमएस-3 में सफलतापूर्वक विकसित किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप कास्टर निर्बाध रूप से चल रहा है और रोलिंग मिलों के लिए इनपुट की आपूर्ति सुनिश्चित हुई है, जो कास्ट बिलेट्स और कास्ट ब्लूम के लिए एसएमएस-3 पर निर्भर हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र यह उपलब्धि हासिल करने वाला एकमात्र एकीकृत इस्पात संयंत्र है।

इस नौ दिन की अवधि के दौरान, बिलेट कास्टर सीके-1 से 23,960 टन का उत्पादन कर 145 हीट की सबसे लंबी कास्टिंग अनुक्रम हासिल की गई। अन्य बिलेट कास्टर सीके-2 से 36,705 टन का उत्पादन कर 221 हीट की सबसे लंबी कास्टिंग अनुक्रम हासिल की गई। बिलेट कास्टर सीके-1 और सीके-2 से लंबे कास्टिंग अनुक्रम का पिछला सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड क्रमशः 114 हीट और 160 हीट दर्ज किया गया था।

भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने बिलेट कास्टर के रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन के लिए एसएमएस-3 टीम और संबंधित विभागों के सदस्यों को बधाई दी है। एसएमएस-3 विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी शॉप बिरादरी को बधाई दी तथा उन्होंने टीम एसएमएस-3 को प्रदान किए गए सहयोग और मार्गदर्शन के लिए प्लांट नेतृत्व को भी धन्यवाद दिया।

## सिंटर प्लांट में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट द्वारा 2 फरवरी, 2024 को प्रात: 08.30 बजे से सड़कों में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान बोरिया गेट से एमआरडी चैक तक आयोजित किया गया। सिंटर प्लांट के लगभग 300 अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों ने मिलकर सामान्य षिफ्ट में संयंत्र में आने वाले सदस्यों को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया। संयंत्र के सिंटर प्लांट विभाग के लगभग 300 सदस्यों ने कतारबद्ध होकर बैनरों एवं पोस्टरों के माध्यम से एक किलोमीटर के रास्ते में राहगीरों को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया। साथ ही साथ लाउडस्पीकर के माध्यम से सुरक्षा गीतों एवं नारों से सुरक्षा संदेश पहुंचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने शुन्य दुर्घटना लक्ष्य एवं सुरक्षा प्रथम के संदेश के साथ गुब्बारों को आसमान में छोड़ा और कहा कि सुरक्षा रूपी यह संदेश सभी लोगों तक पहुंचे और हम सभी शुन्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो सकें। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता, महाप्रबंधक जगेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक एम आर के शरीफ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं ठेका श्रमिकों की भागीदारी रही।

# विविधता में एकता का संदेश देते हुए एम जे स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** एम जे स्कूल, न्यू आर्य नगर, कोहका में तीसरा वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विविधता में एकता का सन्देश दर्शाते हुए विभिन्न संस्कृतियों के अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। चमकीले परिधानों में सजे एमजे स्कूल के प्री-प्राइमरी और प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नयनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आरंभ अईगिरी नंदिनी नृत्य से हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने नव दुर्गा के प्रादुर्भाव और महिषासुर मर्दिनी के दृश्यों को मंच पर बड़ी सुन्दरता के साथ प्रस्तुत किया। छोटे बच्चों ने सुनहरे परिधानों में मंच पर समां बांध दिया। बच्चों द्वारा भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों की प्रस्तुति-राजस्थानी, कश्मीरी, आसाम का बिहु, बंगाली, गुजरात का गरबा, पंजाब का




भांगड़ा महाराष्ट्र से श्रीगणेश वंदना और छत्तीसगढ़ के गीत-संगीत अलग अलग परिधानों में प्रस्तुत किये गए। सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों को नाटक के द्वारा समझाया गया। एक ही मंच में विविध कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पालक, शिक्षक एवं शाला के विद्यार्थीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश सिंह राणा, आईएएस, विशिष्ट अतिथि अशोक गुप्ता- अध्यक्ष एमजे ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, अकादमिक निदेशक श्रीमती भूमिका गुप्ता, निदेशक डॉ। श्रीलेखा विरुलकर, प्रिंसिपल श्रीमती एच लक्ष्मी, सीओओ वीके चौबे एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि महोदय छत्तीसगढ़ राज्य क्रेडा के सीईओ राजेश सिंह राणा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इस तरह के सुंदर शो के आयोजन के लिए प्रबंधन और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा, ''बच्चों से प्रदर्शन करवाना मुश्किल है और वह भी इतने अनुशासित तरीके से। माता-पिता को अपने बच्चों की प्रतिभा को पहचानना चाहिए और उन्हें आगे बढने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। आजकल माता-पिता दोनों कामकाजी हैं और बच्चा उनसे केवल गुणवत्तापूर्ण समय चाहता है। बच्चों पर अपनी महत्वाकांक्षा का बोझ न लादें और न ही उन्हें उन क्षेत्रों में जाने के लिए मजबूर करें जिसमें न तो उनकी रुचि हो और न ही क्षमता। इसके साथ ही अपने बच्चों के लिए समय निकालें और उनके साथ वक्त बिताएं। इससे आपसी संवाद और समझ को सुदृढ़ता मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी अपने आप में विशिष्ट होता है। यदि वह अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ता है तो उसे असाधारण सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा पद्धति में इस बात पर खास जोर दिया गया है। छात्र हित में इन बातों का ध्यान रखा जाना आवश्यक है। अपने प्रतिवेदन में स्कूल की प्राचार्या एच लक्ष्मी ने स्कूल की उपलब्धियों को रेखांकित करने के साथ ही विद्यार्थियों द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों की जानकारी साझा की। स्कूल की भावी योजनाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें प्रतिस्पर्धा का माहौल देने की हर संभव कोशिश कर रहा है।

## पीएम विश्वकर्मा योजना में होगा रजिस्ट्रेशन, आधार अपडेट एवं आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए वार्डों में लगेगा शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर आधार कार्ड अपडेशन,प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं आयुष्मान कार्ड बनाने आम नागारिकों कि परेशानियों को देखते हुये नगर निगम के सीमा क्षेत्र के अंतर्गत चिन्हाकिंत स्थानों पर आधार कार्ड अपडेशन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं आयुष्मान कार्ड बनाने एवं शत् प्रतिशत पंजीयन कर शासन की कल्याण कारी योजनातर्गत प्राप्त सुविधाओं लाभ दिलाने हेतु नगर पालिक निगम क्षेत्र के इन वार्डों में ( 5 फरवरी )को वार्ड 53 पुराना माध्यमिक शासकीय शाला,झुग्गी पारा पोटिया कला में वार्ड 54 में शासकीय प्राथमिक शाला पोटिया,वार्ड 55 शासकीय प्राथमिक शाला पुलगांव में,वार्ड 56 में शासकीय प्राथमिक शाला बघेरा में किया जाएगा।( 6 फरवरी ) को वार्ड 57 शासकीय प्राथमिक शाला उरला में वार्ड 58 शासकीय प्राथमिक शाला उरला में एवं वार्ड



59 और 60 के लिए नया शासकीय प्राथमिक शाला कातुलबोर्ड में इसके अलावा ( 7 फरवरी ) को वार्ड क्रमांक 21 आदित्य नगर जोन कार्यालय,वार्ड 22 शिव मंदिर गांधी चौक में,वार्ड 23 हनुमान मंदिर गली नंबर 3 दीपक नगर में वार्ड 24 किल्ला मंदिर विद्यापीठ स्कूल में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आनलाइन पंजीयन,आधार कार्ड अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाने व सुधार करने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा।शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया जाएगा।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पारंपरिक व्यवसाय में लगे कारीगर और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें लाभान्वित किया जाना है।प्रतिदिन 500 रुपए का प्रोत्साहन राशि-जो पंजीकृत हितग्राही प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे उन्हें प्रतिदिन 500 रूपए के प्रोत्साहन राशि भी दिया जाएगा।उन्होंने सामुदायिक संगठिका की महिलाओं को बताया कि इस योजना के अंतर्गत बढ़ई, स्थल अवलोकन कर उनका सत्यापन किया जाना है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950